रोहतक
बुधवार, 18 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 138
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 36.1
न्यून. 22.9

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,583.30 | 212.85 ▼ |
| निफ्टी | 24,853.40 | 93.10 ▼ |
| **धातु** | **कीमत** | **नीचे/ऊपर** |
| सोना | 1,00,170/- | 1200/- ▼ |
| चांदी | 1,07,200/- | 100/- ▲ |
| **मुद्रा** | **प्रति डॉलर** | **नीचे/ऊपर** |
| रुपया | 86.34 | 30 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 74.47/ बैरल | 1.69% ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)
पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

# एयर इंडिया में दिक्कतें, एक ही दिन में अहमदाबाद-लंदन समेत 7 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द, यात्रियों को भारी परेशानी



## यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था

सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया फंसे हुए यात्रियों को मुंबई ले जाने के लिए ''विशेष व्यवस्था'' कर रही है। फिलहाल इस बारे में और कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। आमतौर पर एयरलाइन सैन फ्रांसिस्को से सीधे मुंबई के लिए उड़ान भरती है, लेकिन पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र के बंद होने सहित अन्य भू-राजनीतिक घटनाओं के कारण एयर इंडिया को अपना मार्ग बदलना पड़ा और कोलकाता में ''तकनीकी रूप से रुकना'' पड़ा।

**विमान में टेक ऑफ से पहले तकनीकी खराबी आई**

**मुंबई/कोलकाता (भाषा)।** एयर इंडिया की उड़ानों में मुश्किलें जारी हैं। साढ़े तीन साल पहले टाटा समूह द्वारा एयरलाइन को खरीदे जाने के बाद यह सबसे बड़े संकट का सामना कर रही है। मंगलवार को विभिन्न कारणों से चलते अहमदाबाद-लंदन समेत 7 अंरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई। इसके अलावा सैन फ्रांसिस्को से मुंबई आ रही फ्लाइट के पैसेंजर्स को कोलकाता एयरपोर्ट पर उतारा गया। विमानन कंपनी ने कहा कि वह नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा पूरे भारत में एयर इंडिया की सभी उड़ानों की जांच का हिस्सा है। एयर इंडिया बी 787-8 ड्रीमलाइनर विमानों से ब्रिटेन और यूरोप के लिए उड़ानें संचालित करती है। विमानन कंपनी ने कहा कि उड़ान से पहले जांच के दौरान कुछ समस्याएं पाए जाने के बाद एयर इंडिया ने दिल्ली-पेरिस उड़ान रद्द कर दी, जबकि विमान की अनुपलब्धता के कारण अहमदाबाद-लंदन उड़ान रद्द की गई। इसके अलावा, एयर इंडिया ने अपनी सैन फ्रांसिस्को-मुंबई उड़ान के एक इंजन में तकनीकी खराबी आने के कारण मंगलवार सुबह इसे कोलकाता में निर्धारित ठहराव पर ही समाप्त कर दिया। सभी यात्री सुरक्षित हैं।

## सैन फ्रैंसिस्को से मुंबई आ रही फ्लाइट के यात्री कोलकाता एयरपोर्ट पर उतारे

### ये उड़ानें रद्द और कारण

1. **अहमदाबाद-लंदन :** फ्लाइट एआई-159 मंगलवार को लगातार दूसरी बार रद्द की गई। फ्लाइट को दोपहर 1.10 बजे उड़ान भरना था, लेकिन टेकऑफ से कुछ घंटे पहले तकनीकी खामी आ गई। 16 जून को भी यह फ्लाइट रद्द की गई थी।
2. **दिल्ली-पेरिस :** एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-143 भी टेक्निकल परेशानी के बाद रद्द की गई, जो उड़ान से पहले जांच के दौरान सामने आई।
3. **दिल्ली-वियना :** तकनीकी दिक्कतों के चलते रद्द किया गया।
4. **लंदन-अमृतसर :** तकनीकी दिक्कतों के चलते रद्द किया गया।
5. **दिल्ली-दुबई :** तकनीकी दिक्कतों के चलते रद्द किया गया।
6. **बेंगलुरु-लंदन :** तकनीकी दिक्कतों के चलते रद्द किया गया।
7. **मुंबई-सैन फ्रांसिस्को :** फ्लाइट एआई -180 में सोमवार रात को तकनीकी खराबी आ गई। इसके चलते यात्रियों को कोलकाता एयरपोर्ट पर उतारा गया।

*(एक दिन पहले भी विमान की अनुपलब्धता के कारण अहमदाबाद-लंदन गैटविक उड़ान रद्द की गई थी।)*

### 16 जून को ये रद्द हुई

**पहली फ्लाइट :** हॉन्गकॉन्ग से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट वापस लौट गई थी। इसमें तकनीकी खराबी हुई थी।
**दूसरी फ्लाइट :** दिल्ली से रांची जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट को तकनीकी समस्या के कारण डायवर्ट किया।

### इंडिगो विमान में बम की धमकी

मस्कट से यहां पहुंचे और दिल्ली के लिए रवाना हुए इंडिगो के विमान में बम की धमकी मिली, जिसके बाद निरीक्षण के लिए विमान को नागपुर हवाईअड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। इस विमान में 157 यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे।

**अंदर के पन्नों पर**
- टिकट ने लेने पर कंडक्टर ने बस उतारा तो पीटा पेज-3
- कांग्रेस का लक्ष्य हो रहा विफल वह हताश पेज-7

**खबर संक्षेप**

### डीयू ने स्नातक प्रवेश पोर्टल शुरू किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने 2025-26 शैक्षणिक सत्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अपना कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) पोर्टल शुरू किया। इसके साथ बहुस्तरीय प्रवेश प्रक्रिया की औपचारिक शुरुआत हो गई। डीयू के कुलपति योगेश सिंह ने प्रेसवार्ता के दौरान 'स्नातक प्रवेश पोर्टल' की शुरुआत की। भाषा

### व्हाट्सएप पर अब दिखाई देंगे विज्ञापन

**कैलिफोर्निया।** लोकप्रिय मैसेजिंग एप व्हाट्सएप ने कहा कि अब उपयोगकर्ताओं को एप के कुछ हिस्सों में विज्ञापन दिखाई देंगे। व्हाट्सएप के मालिकाना हक वाली कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स इस मैसेजिंग सेवा का उपयोग करने वाले करोड़ों लोगों का इस्तेमाल करके कमाई का एक नया स्रोत बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। ये विज्ञापन एप के 'अपडेट टैब' में ही दिखाई देंगे, जिसे हर दिन 1.5 अरब लोग इस्तेमाल करते हैं। भाषा

**फसलों के लिए मौसम अनुकूल जलभराव से शहरों में आफत**

# प्रदेश में बारिश, हिसार-झज्जर में बिजली गिरने से भारी नुकसान

- दुकानों और घरों में घुसा पानी बाइक व कारें सड़कों पर डूबी
- हिसार में बिजली गिरने से एक भैंस की मौत
- मौसम वैज्ञानिक बोले, 20 के बाद मानसून की एंट्री कभी भी
- यूपी समेत 4 राज्यों में बिजली गिरने से 19 की मौत, दिल्ली में 12 फ्लाइट डायवर्ट

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल रहा है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मंगलवार को हरियाणा के कई जिलों में बारिश हुई। इनमें हिसार, रेवाड़ी और झज्जर में झमाझम बरसात दर्ज की गई, तो रोहतक, सोनीपत, पंचकूला, भिवानी, फतेहाबाद, जींद, गुरुग्राम, पानीपत, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, नूंह और कैथल में अच्छी बरसात हुई। हिसार और नारनौल में बारिश का पानी घरों और बाजारों की कई दुकानों में घुस गया, यहां पर बाइकें भी पानी में डूबती हुईं नजर आईं। हिसार और झज्जर में बारिश के साथ आसमानी बिजली भी गिरी। झज्जर में बिजली गिरने के कारण घर में रखे एसी, टीवी, फ्रीज, इनवर्टर के साथ दूसरे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए, जबकि हिसार में एक किसान की भैंस के ऊपर ही बिजली गिर गई, उसकी मौके पर ही मौत हो गई।




### भीषण गर्मी से राहत

बारिश ने जहां गर्मी से राहत दी, वहीं शहरों में जलभराव से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। यह बारिश फसलों के लिए फायदेमंद है। सोमवार को भी हिसार के नारनौंद में भी तेज बारिश हुई थी, यहां पानी भरने के बाद एक लोहे के पोल में करंट आने से वकील के पास काम करने वाले 28 वर्षीय मनजीत की मौत हो गई थी।

### अभी 2 दिन और बारिश के आसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने कहा है कि पश्चिम विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके कारण 19 जून तक हरियाणा का मौसम इसी प्रकार बना रह सकता है। अगले 48 घंटे मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। उसके बाद 19 जून से एक नया पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्री-मानसून की गतिविधियां की संभावना बनती नजर आ रही है। 20 जून के बाद कभी भी प्रदेश में मानसून की एंट्री हो सकती है।

### हिसार में सबसे ज्यादा बारिश

मौसम विभाग के अनुसार 24 घंटों में सबसे ज्यादा बारिश हिसार में हुई है। हिसार व आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार की अलसुबह झमाझम बारिश हुई। यहां 93 एमएम बारिश दर्ज की गई। भिवानी, रेवाड़ी, सिरसा में 5एमएम, जींद में 9.5एमएम, मेवात और सोनीपत में 2.5एमएमए, अंबाला में 7.6एमएम, महेंद्रगढ़ में 3.5एमएम, कैथल में 3एमएम और रोहतक, पंचकूला, करनाल व चरखी दादरी में बारिश दर्ज की गई है।

### निचले इलाकों में पानी भरा

हिसार में भारी बारिश के कारण शहर के निचले इलाकों में हालात और अधिक खराब हो गए। कॉलोनियों में तो लोगों के घरों व दुकानों में पानी घुस गया। शहर की सड़कों ने नहर का रूप ले लिया। अधिकांश वाहन तो बीच पानी में ही जवाब दे गए। चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। हिसार का अधिकतम तापमान 31.9 और न्यूनतम तापमान 22.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### बिहार-झारखंड पहुंचा मानसून

मानसून मंगलवार को बिहार-झारखंड पहुंच गया है। चार जिलों औरंगाबाद, किशनगंज, कटिहार और बांका में सुबह तेज बारिश हुई। वहीं, एमपी, यूपी, राजस्थान और बिहार में बिजली गिरने से सोमवार को 19 लोगों की मौत हो गई। इधर, दिल्ली में मानसून से पहले की बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली, लेकिन कई इलाकों में पानी भर गया। खराब मौसम की वजह से दोपहर 3 से 4 बजे के बीच 12 फ्लाइट्स डायवर्ट की गईं। राजधानी में 35-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं, जिससे कई जगह पेड़ उखड़कर गिर गए।

# तेहरान से 110 भारतीय छात्रों को निकाला, सभी आर्मेनिया पहुंचे

- इजराइल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर फैसला
- विदेश मंत्रालय ने कहा, सभी भारतीय ईरान छोड़ें
- आर्मेनिया के रास्ते लोगों को भारत बुलाया जाएगा

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** इजराइल और ईरान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच तेहरान में मौजूद भारतीय छात्रों को सुरक्षा कारणों से बाहर निकाल लिया गया है। इनमें 110 लोग सीमा पार कर आर्मेनिया में प्रवेश कर गए हैं। इसकी पूरी व्यवस्था दूतावास ने की। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि भारतीय दूतावास सभी संभव सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से समुदाय के साथ निरंतर संपर्क में है। कुछ भारतीयों को आर्मेनिया की सीमा के माध्यम से ईरान छोड़ने में मदद की गई है। अस्थिर स्थिति को देखते हुए आगे भी परामर्श जारी किए जा सकते हैं। जम्मू कश्मीर छात्र संघ के अनुसार, उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी के 110 भारतीय छात्र जिनमें से 90 कश्मीर घाटी के हैं, सुरक्षित रूप से सीमा पार कर आर्मेनिया पहुंच गए हैं।

### नियंत्रण कक्ष स्थापित किया

मंत्रालय में सातों दिन 24घंटे संचालित होने वाला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष में इन नंबर पर संपर्क करें: +989010144557, +989128109115, +989128109109।

### ईरान ने किया इजराइल के मोसाद हेडक्वार्टर पर हमला

**तेहरान/तेल अवीव।** इजराइल और ईरान के बीच 5वें दिन भी संघर्ष जारी है। ईरान ने मंगलवार को तेल अवीव में इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के हेडक्वार्टर पर हवाई हमला किया। इसके अलावा, मिलिट्री इंटेलिजेंस से जुड़ी खुफिया एजेंसी अमान की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया है। इजराइली हवाई हमले में ईरान के डिप्टी कमांडर मेजर जनरल अली शादमानी की मौत हो गई है।

### खामेनेई को अभी नहीं मारेंगे, जानते हैं सुप्रीम लीडर कहां छिपा : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका जानता है कि ईरान के शीर्ष (धार्मिक) नेता अयातुल्ला अली खामेनेई कहां छिपे हैं, लेकिन वह फिलहाल उन्हें मारना नहीं चाहता। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने का आग्रह किया, क्योंकि पांच दिन से जारी संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है। ट्रंप ने कहा, हमें अच्छी तरह पता है कि तथाकथित सर्वोच्च नेता कहां छिपे हैं। ट्रंप ने कहा, वह एक आसान निशाना हैं, लेकिन वहां सुरक्षित हैं, हम उन्हें अभी मारने नहीं जा रहे हैं।



**जी-7 शिखर सम्मेलन**

# कनाडा पहुंचे मोदी, वैश्विक नेताओं से होगी मुलाकात

## मार्क कार्नी ने किया पीएम मोदी का भव्य स्वागत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

इजराइल-ईरान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को कनाडा पहुंचे। कनैनिस्किस में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने स्वागत किया। प्रधानमंत्री जी-7 शिखर सम्मेलन के 'आउटरीच सेशन' में हिस्सा लेने के लिए यहां पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि वह जी-7 शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं से मुलाकात के दौरान महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे और 'ग्लोबल साउथ' की प्राथमिकताओं पर जोर देंगे। यह एक दशक में मोदी की पहली कनाडा यात्रा है। पीएम ने एक्स पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। जिसमें उन्होंने बताया कि कनानसकीस में आयोजित किए जा रहे जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा (कैलगरी) पहुंचा हूं। सम्मेलन में विभिन्न नेताओं से मुलाकात करूंगा और महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मुद्दों (ऊर्जा सुरक्षा, तकनीक और नवाचार जैसे मुद्दे भी शामिल हैं) पर अपने विचार साझा करूंगा। साथ ही वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं पर भी जोर दूंगा। प्रधानमंत्री को इस महत्वपूर्ण वैश्विक आयोजन में भाग लेने के लिए कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने आमंत्रित किया है। जी-7 समूह में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जापान, इटली, कनाडा और जर्मनी जैसे दुनिया के 7 विकसित देश और यूरोपीय संघ शामिल हैं। मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़कर अचानक अमेरिका वापस लौट गए हैं। बताते चलें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते 15 जून से तीन देशों की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। कनाडा में पीएम का प्रवास 16 से 17 जून तक रहेगा।

**अहमदाबाद विमान हादसा**

## डीएनए से 162 मृतकों की पहचान, 124 शव सौंपे

**गुजरात के गृहमंत्री ने दी जानकारी**

**अहमदाबाद (भाषा)।** अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के पांच दिन बाद, अब तक डीएनए मिलान के जरिये 162 मृतकों की पहचान कर ली गई है और 124 शव परिजन को सौंप दिए गए हैं। मृतकों की पहचान करने के लिए अधिकारी डीएनए जांच कर रहे हैं, क्योंकि 12 जून को हुई विमान दुर्घटना में कई शव इतने बुरी तरह से जल गए हैं कि उनकी पहचान नहीं की जा सकती। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि शवों की पहचान करने के काम में तेजी लाई जा रही है।

**उत्तराखंड : हेली सेवा पर रोक हटी**

## खराब मौसमः केदारनाथ को हेलीकॉप्टर नहीं उड़ा

**रविवार को हादसे में गई थी 7 जानें**

**देहरादून(भाषा)।** उत्तराखंड के केदारनाथ में हेलीकॉप्टर हादसे के बाद चारधाम यात्रा मार्ग पर हेली सेवाओं के संचालन पर दो दिन के लिए लगाई गई रोक मंगलवार को समाप्त हो गई, केदार घाटी में खराब मौसम के कारण केदारनाथ के लिए किसी हेलीकॉप्टर ने उड़ान नहीं भरी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रविवार को केदारनाथ के निकट आर्यन एवियेशन का एक हेलीकॉप्टर खराब मौसम में कम दृश्यता के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिससे उसमें सवार सात लोगों की मृत्यु हो गई थी।

**जी-7 देशों ने इजराइल को समर्थन दिया**

# ट्रम्प जी-7 समिट छोड़कर अमेरिका रवाना बोले, मैं सीजफायर के लिए नहीं लौट रहा

**कनैनिस्किस (भाषा)।** इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष तेज होने के मद्देनजर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यहां जारी जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़कर अमेरिका के लिए रवाना हो गए। व्हाइट हाउस ने बताया कि मिडिल ईस्ट में तनाव के चलते ट्रम्प ने यह फैसला लिया है। इस बीच ट्रम्प ने कहा, 'मैं सीजफायर के लिए वॉशिंगटन नहीं लौट रहा हूं। बात उससे कहीं बड़ी है।' इससे पहले ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा- ईरान को परमाणु 'समझौते' पर हस्ताक्षर करने चाहिए। ईरान न्यूक्लियर हथियार नहीं रख सकता है। मैंने यह बार-बार कहा है! सभी को तुरंत तेहरान खाली कर देना चाहिए। वहीं, समिट के पहले दिन जी7 देशों ने इजराइल का समर्थन किया। मंगलवार सुबह साझा बयान में कहा गया कि इजराइल को अपनी आत्मरक्षा करने का अधिकार है। ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए।



(पेज 10 भी देखें)

### ईरान परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाए

इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष तेज होने का अंदाजा उस वक्त दुनिया को हुआ जब ट्रंप ने कहा कि 'सभी को तुरंत तेहरान खाली कर देना चाहिए।' शिखर सम्मेलन में ट्रंप ने चेतावनी दी कि इससे पहले कि 'बहुत देर हो जाए' ईरान को अपने परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगानी चाहिए। ट्रंप ने कहा कि ईरानी नेता 'बातचीत करना चाहते होंगे' लेकिन उनके पास अपने परमाणु कार्यक्रमों को लेकर सहमति बनाने के लिए 60 दिन थे, लेकिन वे विफल रहे।

**सख्ती** कमल हासन फिल्म विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट की कर्नाटक को फटकार

***फिल्म ठग लाइफ के कर्नाटक में रिलीज न होने पर कड़ी नाराजगी जताई***

# आप बंदूक तानकर फिल्म देखने से नहीं रोक सकते, हर राज्य में दिखाई जाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


सुप्रीम कोर्ट ने अभिनेता कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ की कर्नाटक में रिलीज न होने पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि किसी को भी लोगों के सिर पर बंदूक तानकर फिल्म देखने से नहीं रोका जा सकता।

जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने कर्नाटक सरकार से कहा कि जब किसी फिल्म को सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिल चुका है तो उसे देश के हर राज्य में दिखाया जाना चाहिए। कोर्ट ने राज्य सरकार को एक दिन का समय दिया है कि वह फिल्म की रिलीज पर स्थिति साफ करे। दरअसल, कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) ने मांग की थी कि जब तक हासन माफी नहीं मांगते, फिल्म रिलीज नहीं होगी। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है और मामला हाईकोर्ट की अपने पास ट्रांसफर कर लिया है। अगली सुनवाई 19 जून को होगी।

### कन्नड़ पर दिया था विवादित बयान



कमल हासन ने 24 मई को चेन्नई में 'ठग लाइफ' के ऑडियो लॉन्च इवेंट के दौरान कन्नड़ को लेकर विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि कन्नड़ भाषा तमिल से जन्मी है। इसके बाद एक्टर और उनकी फिल्म का कर्नाटक में लगातार विरोध हो रहा है।




### धमकी देने की बजाय बौद्धिक बहस करें

शीर्ष कोर्ट ने कहा कि अगर हासन ने कन्नड़ भाषा पर कुछ कहा भी है जो किसी को पसंद नहीं आया, तो उसे विरोध और धमकी देने की बजाय बौद्धिक बहस के तौर पर लिया जाना चाहिए।

### हाईकोर्ट का माफी के लिए कहना उचित नहीं

कोर्ट ने हाईकोर्ट की उस टिप्पणी पर भी आपत्ति जताई, जिसमें हासन से माफी की बात कही गई थी। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट का हासन को माफी मांगने के लिए कहना उचित नहीं है। फिल्म ठग लाइफ 5 जून को देशभर में रिलीज हुई थी, लेकिन कर्नाटक में नहीं।




वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर उभरता
बस्तर
• धूड़मारास गांव को मिली वैश्विक पहचान
• ईको-टूरिज्म और होम-स्टे को प्रोत्साहन
• एडवेंचर टूरिज्म, कैनोपी वॉक, ग्लास ब्रिज का विकास
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
सुशासन से समृद्धि की ओर
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

# टिकट न लेने पर कंडक्टर ने बस से उतारा, युवती ने फोन कर बुलाए युवक, कर्मचारी से मारपीट के बाद रोडवेज का चक्का जाम

■ हरिद्वार से फतेहाबाद आ रही थी हरियाणा रोडवेज बस ■ 15 से 20 युवकों ने परिचालक पर हमला किया ■ कैश बैग व टिकट भी छीनकर ले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

■ घायल कर्मचारी अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती
■ आरोपियों पर केस दर्ज करने की मांग पर अड़े कर्मचारी

हरिद्वार से फतेहाबाद आ रही हरियाणा रोडवेज बस के परिचालक पर अग्रोहा के पास कुछ बदमाशों ने हमला कर दिया। हमले में परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। दरअसल हिसार से बस में सवार युवक-युवतियों ने टिकट लेने से मना कर दिया, जिस पर कंडक्टर ने उन्हें उतार दिया। इससे भड़की एक युवती ने कुछ युवकों को अग्रोहा मोड बुला लिया। जैसे ही बस अग्रोहा पहुंची तो युवकों ने बस में चढक़र मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इन्होंने परिचालक से उससे कैश वाला बैग व टिकट भी छीन लिया और वर्दी भी फाड़ दी। घायल परिचालक को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी और केस दर्ज करने को लेकर फतेहाबाद के डिपो कर्मचारियों ने चक्का जाम कर दिया है। रोडवेज बसों के सडक़ों पर न उतरने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अलसुबह फतेहाबाद से दिल्ली, चण्डीगढ़ जैसे लंबे रूटों पर बसों को नहीं भेजा जा सका। सुबह सवेरे लोग जब बस स्टैण्ड पर पहुंचे तो उन्हें चक्का जाम का पता चला और उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। चक्का जाम के कारण जिले में करीब 190 रोडवेज बसों को रूट पर नहीं भेजा जा सका है। कर्मचारियों ने मांग की है कि जब तक मारपीट के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक चक्का जाम नहीं खोला जाएगा। इस मामले में अग्रोहा पुलिस ने घायल परिचालक कृष्ण कुमार निवासी पाबड़ा की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। रोडवेज कर्मचारी नेता दीपक बल्हारा, राजू बिश्नोई आदि ने बताया कि सोमवार शाम को फतेहाबाद रोडवेज की बस हरिद्वार से वापस फतेहाबाद आ रही थी। इस बस के परिचालक कृष्ण कुंडू के साथ अग्रोहा मोड पर कुछ युवकों द्वारा जमकर मारपीट की गई। घायल कृष्ण कुमार ने कहा कि सोमवार शाम 7 बजे बस हिसार पहुंची थी। उसने सवारियों की टिकट काट दी थी। बस में सवार दो लड़कियों और एक लड़के ने उसे ढंढूर पुल के नीचे उतारने को उससे झगड़ा करना शुरू कर दिया। जब उसने इन लोगों को कहा कि ढंढूर पुल के नीचे कोई स्टॉपेज नहीं है। युवक के बहस करने पर उसने ढंढूर पुल के नीचे उन्हें उतार दिया। जब बस चलने लगी तो अज्ञात युवती ने कहा कि उससे कहा कि वह उसको नौकरी करना सीखा देंगे और फिर लड़की ने फोन करके अग्रोहा मोड पर 15-20 लोगों को बुला लिया। जैसे ही बस अग्रोहा मोड पहुंची तोबस में एकदम से 15-20 लड़के चढ़ गए और उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। इस कारण उसका पैसों का बैग व टिकट बस में ही गिर गए।





**फतेहाबाद।** रोडवेज परिचालक से झगड़ा करते युवक। (इनसेट में) घायल रोडवेज कर्मचारी

## कर्मचारियों ने हिसार व जींद में भी चक्का जाम किया

बस परिचालक से मारपीट की सूचना मिलते ही फतेहाबाद रोडवेज के कर्मचारियों में रोष फैल गया और उन्हें इसके विरोध में मंगलवार सुबह से ही चक्का जाम की घोषणा कर दी। फतेहाबाद डिपो से सुबह 3 बजे दिल्ली के लिए जाने वाली बस को रवाना नहीं किया जा सका। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो पूरे हरियाणा में चक्का जाम किया जाएगा। वहीं रोडवेज कर्मचारियों ने हिसार, जींद और फतेहाबाद जिले के डिपुओं में बस सेवा को बंद करते हुए चक्का जाम किया। इस दौरान कर्मचारी यूनियन के प्रधान रामकुमार नैन ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं फतेहाबाद के रोडवेज के डीआई शिव दयाल का कहना है कि बस परिचालक से मारपीट के विरोध में रोडवेज कर्मचारियों ने चक्का जाम किया हुआ है। इस कारण किसी भी रोडवेज बस को रूट पर नहीं भेजा जा सका है। चक्का जाम खुलने के बाद स्थिति सामान्य होगी।

# राज्य का रवैया अहंकार से भरा व सत्य को दबाने वाला : हाईकोर्ट

**राजस्व अधिकारी की पदोन्नति रोकने पर हाई कोर्ट की तल्ख टिप्पणी**

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक राजस्व अधिकारी को बार-बार 'बी' क्लास तहसीलदार पद पर पदोन्नति से वंचित करने के मामले में हरियाणा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए तीखी टिप्पणी की है। अदालत ने न केवल राज्य के रवैये को "अहंकार से भरा और सत्य को दबाने वाला" करार दिया, बल्कि राज्य सरकार पर पांच लाख का जुर्माना भी ठोक दिया है। जस्टिस विनोद एस भारद्वाज ने सोनीपत निवासी देवेंद्र कुमार कानूनगो के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि राज्य सरकार का आचरण न केवल "कानून-विरोधी और दुर्भावनापूर्ण" है, बल्कि उसने जानबूझकर याचिकाकर्ता की सेवा-पुस्तिका को दबाया और फिर उसी के अभाव का बहाना बनाकर उसे प्रोमोशन प्रक्रिया से बाहर रखा। अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य अपनी भूमिका भूल गया है, जो समानता और संवेदनशीलता के साथ प्रत्येक नागरिक को न्याय देने की है। वह अपने गैरकानूनी आचरण को गर्व का बिल्ला मानने लगा है। न्यायालय ने सरकार के इस तर्क को भी सिरे से खारिज कर दिया कि अप्रैल 2022 की पदोन्नति प्रक्रिया में केवल दो पद रिक्त थे और उन्हें भर दिया गया।




## 19 और 20 को वितरित होंगे सीनियर सेकेंडरी के वार्षिक परीक्षा प्रमाण-पत्र

भिवानी । हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सीनियर सैकेण्डरी वार्षिक परीक्षा मार्च-2025 के विद्यालयी/गुरूकुल/विद्यापीठों के परीक्षार्थियों के प्रमाण-पत्र, कम्पार्टमैंट/अनुत्तीर्ण कार्ड एवं माईग्रेशन प्रमाण-पत्र प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों पर 19 जून को भेजे जा रहे हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए बोर्ड अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) पवन कुमार ने बताया कि सभी सीनियर सेकेंडरी विद्यालयों/गुरुकुलों/विद्यापीठों के मुखिया उनके विद्यालय के परीक्षार्थियों के प्रमाण-पत्र, कम्पार्टमेंट/अनुत्तीर्ण कार्ड एवं माईग्रेशन प्रमाण-पत्र 19 जून को सुबह 11 बजे से सायं पांच बजे तक तथा 20 जूनको सुबह नौ बजे से सायं चार बजे तक संबंधित जिला में स्थित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। यदि विद्यालयों/गुरुकुलों/विद्यापीठों के मुखिया किन्हीं अपरिहार्य कारणों से उक्त वर्णित तिथियों में प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं कर पाते हैं तो ऐसी अवस्था में 20 जून के उपरान्त बोर्ड मुख्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

## डाक विभाग में फर्जी दस्तावेजों से नौकरी लेने वाला गिरफ्तार

**नारनौंद।** पुलिस ने दसवीं कक्षा की फर्जी मार्कशीट देकर डाक विभाग में नौकरी हासिल करने वाले मामले में एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपित युवक की पहचान कागसर निवासी विकास के रूप में हुई हैं। जिसको कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।कागसर के एक युवक विकास ने वर्ष 2021 में ऑनलाइन डाक विभाग में ग्रामीण डाक सेवक के पद पर आवेदन किया था। इसका चयन डाक विभाग में ग्रामीण डाक सेवक के रुप में हो गया था। इस दौरान उसने अपने दसवीं कक्षा के फर्जी दस्तावेज पोस्ट ऑफिस जम्मू डिविजन जम्मू डाक विभाग में जमा करवाए थे। जांच में दस्तावेज फर्जी निकले। आरोपित युवक ने बोर्ड ऑफ हाई स्कूल इलाहाबाद उत्तर प्रदेश से दसवीं कक्षा की मार्कशीट बनवाई थी।

## हंसी मजाक में दोस्त ने पेट में मुक्का मारा युवक की मौत

**गुरुग्राम।** भोंडसी थाना एरिया की मारुति कुंज कॉलोनी में हंसी-मजाक के दौरान दोस्त का मुक्का पेट में लगने से 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी अनुसार, भोंडसी की मारुति कुंज कॉलोनी में दूध की डेरी का कारोबार करने वाले जगदीश का बेटा 18 वर्षीय आदेश सोमवार की रात करीब साढ़े 8 बजे अपने दोस्तों के साथ घर से कुछ दूरी पर बैठकर हंसी मजाक कर रहा था। इसी दौरान मारुति कुंज निवासी गिरधर ने आदेश के पेट पर मुक्का मार दिया। जिस पर आदेश प्लॉट की चारदीवारी से नीचे गिर पड़ा और बेहोश हो गया। आदेश को निकट के निजी अस्पताल ले जाया। जहां से उसको गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। बाद में उसकी अस्पताल में मौत हो गई।

## प्रो. संजय कौशिक गुरुग्राम विवि के वीसी नियुक्त

**गुरुग्राम।** वरिष्ठ प्रोफेसर संजय कौशिक गुरुग्राम विश्वविद्यालय (जीयू) के कुलपति का कार्यभार संभालेंगे। हरियाणा राजभवन और राज्यपाल व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय द्वारा जारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। यहां एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रोफेसर कौशिक को शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए जीनियस ब्रेन और एचआरडी मिशन, दिल्ली द्वारा भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षा सम्मान पुरस्कार प्रदान किया गया। वह विश्वविद्यालय के तीसरे कुलपति हैं और उन्होंने प्रो. सुशील कुमार तोमर का स्थान लिया है। जनवरी में प्रो. दिनेश कुमार का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से प्रो. तोमर कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे थे। प्रोफेसर संजय कौशिक ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय को वैश्विक मान्यता दिलाना, इसे नैक मान्यता के लिए तैयार करना तथा शैक्षणिक एवं आधारभूत संरचना विकास परियोजनाओं को गति प्रदान करना होगा। नवनियुक्त कुलपति डॉ. संजय कौशिक पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के बिजनेस स्कूल में अध्यापन कर रहे थे।

## देशद्रोह के आरोपी ताज मोहम्मद का जेल में स्वास्थ्य बिगड़ा



■ अदालत का जमानत से इनकार
■ फोर्टिस अस्पताल से इलाज की अनुमति

**फतेहाबाद।** फेसबुक पर पाकिस्तान के पक्ष में पोस्ट शेयर करने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से संबंधित वीडियो को एडिट कर वायरल करने के मामले में जेल में बंद देशद्रोह के आरोपी हड्डियों के हकीम डॉ. ताज मोहम्मद उर्फ मुश्ताक अहमद को मंगलवार को कोर्ट से राहत मिली है। जेल में डॉ. मोहम्मद की तबीयत बिगडऩे पर उनके वकील विनय शर्मा ने कोर्ट में याचिका दायर कर इलाज के लिए 25 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी। याचिका में कहा गया था कि डॉ. ताज मोहम्मद की सेहत खराब है और उन्हें मोहाली के फोर्टिस अस्पताल से हार्ट का इलाज करवाना है। याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए अदालत ने उन्हें अंतरिम जमानत तो नहीं दी लेकिन इलाज के लिए एक सप्ताह का समय दे दिया। एक सप्ताह बाद दोबारा इस मामले में सुनवाई होगी।

### ये था मामला

बता दें कि इस मामले में फतेहाबाद पुलिस ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश राय शर्मा की शिकायत पर मुश्ताक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। ताज मोहम्मद के नाम से फतेहाबाद हड्डी रोग व जोड़ रोग विशेषज्ञ की दुकान चलाने वाले मुश्ताक अहमद पहले भी विवादों में रह चुके है। उनके द्वारा अपनी फेसबुक आईडी पर कई ऐसी पोस्ट शेयर की गई थी जो पाकिस्तान के समर्थन में थी। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की वीडियो एडिट करके डाला गया था।



# तीन साल पहले हुए राज्यसभा चुनाव पर सियासी लड़ाई तेज, अब सांसद कार्तिकेय और दीपेंद्र आमने-सामने, एक दूसरे पर वार किए

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में तीन साल पहले हुए राज्यसभा के चुनाव को लेकर अब जुबानी जंग की शुरुआत हो गई है। निर्दलीय राज्यसभा सदस्य कार्तिकेय शर्मा और रोहतक लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा सामने आ गए हैं। कार्तिकेय शर्मा जून 2022 में भाजपा के सहयोग से निर्दलीय राज्यसभा सदस्य बनकर राज्यसभा में पहुंचने का सपना पूरा किया था। अब सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने शर्मा का उन्हें किरण चौधरी और कुलदीप बिश्नोई द्वारा वोट दिए जाने को लेकर स्वीकारोक्ति संबंधी वीडियो एक्स हैंडल पर साझा कर दिया है। कुल मिलाकर इसके बाद में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय अपनी सफाई दे रहे हैं कि उन्हें वोट का नहीं पता बल्कि वे तो अजय माकन द्वारा कही बात को दोहरा रहे थे, शर्मा ने सोमवार को कहा कि राज्यसभा में वोट को लेकर जवाब कांग्रेस के नेताओं को जवाब देना चाहिए। हरियाणा से राज्यसभा में गए कार्तिकेय शर्मा को राज्यसभा में तीन साल हो गए हैं। राज्यसभा में निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर गए कार्तिकेय शर्मा का कहना है कि उन्होंने तो सभी से वोट की अपील की थी। कार्तिकेय शर्मा का कहना है कि नहीं पता किसने वोट डाला किसने नहीं। आरोप है कि दो वोट शर्मा को मिले थे, लेकिन एक वोट से शर्मा की जीत हुई थी। इसमें एक कुलदीप बिश्नोई और दूसरा किरण चौधरी का बताया जा रहा है कि वह वोट कार्तिकेय ने सोमवार को स्पष्टीकरण दिया व कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी अजय माकन ने कही थी कि किरण चौधरी ने वोट कार्तिकेय को दिया था।

## दीपेंद्र ने एक्स हैंडल पर लिखा, सत्यमेव जयते कार्तिकेय ने स्याही कांड पर मांगा जवाब


दीपेंद्र हुड्डा


कार्तिकेय शर्मा

*तीन साल पहले हुए राज्यसभा के चुनाव को लेकर निर्दलीय राज्यसभा सदस्य कार्तिकेय शर्मा और रोहतक सीट से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा एक दूसरे पर हमलावर हैं। पूरे मामले में चुटकी लेते हुए रोहतक सीट से लोकसभा के सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने ट्विटर हैंडल पर लिखा- सत्य मेव जयते। जिसके बाद इसके जवाब देते हुए सांसद कार्तिकेय शर्मा ने दीपेंद्र से मांगा साल 2016 के चुनाव में स्याही कांड का जवाब, तब उस वक्त कांग्रेस सीट हार गई थी। कार्तिकेय शर्मा जून 2022 में भाजपा के सहयोग से निर्दलीय राज्यसभा सदस्य बने थे। एक इंटरव्यू में कार्तिकेय शर्मा ने कहा था कि तत्कालीन कांग्रेस विधायक किरण चौधरी और कुलदीप बिश्नोई ने उन्हें वोट दिए थे। बता दें कि सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने निर्दलीय राज्यसभा सदस्य कार्तिकेय के इंटरव्यू के उन अंशों की वीडियो को एक्स हैंडल पर साझा कर दिया है। जिसमें कार्तिकेय शर्मा यह कह रहे हैं कि उन्हें सभी विपक्षी दलों के विधायकों ने वोट दिया था, वो एक उम्मीदवार के नाते सभी के पास वोट की अपील करने गए थे।*

### कार्तिकेय ने दिया स्पष्टीकरण

कार्तिकेय ने दीपेंद्र सिंह हुड्डा की पोस्ट पर सवाल उठाने और खुद के इंटरव्यू को लेकर सोमवार को स्थिति साफ की है। कार्तिकेय ने कहा कि दीपेंद्र सिंह हुड्डा को साल 2016 के राज्यसभा चुनाव को लेकर भी सत्यमेव जयते स्वीकार करना चाहिए। उस वक्त कांग्रेस के विधायकों ने पेन की स्याही बदलकर कांग्रेस को हराने का काम किया था। कार्तिकेय ने किरण चौधरी और कुलदीप बिश्नोई द्वारा वोट दिए जाने पर साफ किया कि इस बात को मैंने स्वयं कभी नहीं कहा। मैंने तो तत्कालीन कांग्रेस उम्मीदवार अजय माकन द्वारा कहे जाने के आधार पर कहा था कि किरण चौधरी ने शायद मुझे वोट दिया है, क्योंकि ऐसा अजय माकन कर रहे हैं। जिसने भी मुझे वोट दिया, अपने विवेक के आधार पर दिया। उसकी पुष्टि किरण चौधरी या कुलदीप बिश्नोई ही कर पाएंगे, या फिर कांग्रेस पार्टी करेगी।

# परिवहन क्षेत्र को डिजीटलीकरण से आगे बढ़ा रहे : अनिल विज

**चंडीगढ़।** प्रदेश के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि डिजीटल पहल के अंतर्गत सारे देश में योजनाओं का डिजीटलीकरण किया जा रहा है क्योंकि यदि हम तकनीक के साथ नहीं चलेंगे तो दुनिया में पिछड जांएगें। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि हरियाणा में परिवहन क्षेत्र को तकनीक/डिजीटलीकरण के सहारे आगे बढाया जा रहा है और भ्रष्टाचार पर नकेल कसने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। विज ने कहा कि सडक दुर्घटनाओं को कम करने के लिए हरियाणा में फोर-ई अर्थात शिक्षा, प्रवर्तन, इंजीनियरिंग और पर्यावरण एवं आपातकाल पर फोकस किया जा रहा है। परिवहन मंत्री अनिल विज यहां चंडीगढ में केन्द्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा आयोजित की जा रही दो दिवसीय परिवहन क्षेत्रीय कार्यशाला के उदघाटन सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर केन्द्रीय मंत्रालय सहित 12 राज्यों के प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे।

## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेल्वे वेब साइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| | क्र. सं. | नीलामी काटलोग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| PARKING | 1. | UMB-Parkg-11-25 | धुलकोट रेलवे स्टेशन पर कुल 317.0625 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का दो पहिया वाहन पार्किंग स्थल | 20.06.25 12:00:00 |
| | 2. | UMB-Parkg-11-25 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार पर कुल 500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन | 20.06.25 12:00:00 |
| | 3. | UMB-Parkg-11-25 | नाभा रेलवे स्टेशन पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए कुल 396.85 वर्ग मीटर का पार्किंग स्थल | 20.06.25 12:00:00 |
| Catering | 4. | UMB-Ctg-06-2025 | रामपुरा पुल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर 10' x 6' आकार की लघु खानपान इकाई (स्टॉल) | 20.06.25 15:00:00 |
| | 5. | UMB-Ctg-06-2025 | मलौट रेलवे स्टेशन के पी.एफ. नंबर 1 पर 10' x 6' आकार की लघु खानपान इकाई (स्टॉल) | 20.06.25 15:00:00 |
| | 6. | UMB-Ctg-06-2025 | कालका रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 10' x 6' आकार की लघु खानपान इकाई (स्टॉल) | 20.06.25 15:00:00 |
| NFR | 7. | UMB-PS-01-2025 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर पार्सल स्कैनिंग हेतु ठेका | 25.06.25 10:00:00 |
| | 8. | UMB-PS-01-2025 | अम्बाला कैंट रेलवे स्टेशन पर पार्सल स्कैनिंग हेतु ठेका | 25.06.25 10:00:00 |
| | 9. | UMBExtFFMA 05-25 | ट्रेन नं० – 14503/14504 (KLK-SVDK Express) एवं 22455/56 (SNSI-KLK Express के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 27.06.25 12:00:00 |
| | 10. | UMBExtFFMA 05-25 | ट्रेन नं० – 14521/14522 (DLI-UMB Express) & 14507/08 (DLI-FKA Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 27.06.25 12:00:00 |
| | 11. | UMBExtFFMA 05-25 | ट्रेन नं० - 14525/14526 (UMB-SGNR Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 27.06.25 12:00:00 |
| | 12. | UMBExtFFMA 05-25 | ट्रेन नं० - 14523/14524 (UMB-BJU Express के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 27.06.25 12:00:00 |
| | 13. | UMBExtFFMA 05-25 | ट्रेन नं० - 12449/50 (CDG-MAO Sampark Kranti Express) & 10215/16 (MAO-ERS Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 27.06.25 12:00:00 |
| | 14. | UMBExtFFMA 05-25 | ट्रेन नं० - 20493/94 (CDG-MDU Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 27.06.25 12:00:00 |
| | 15. | UMBExtFFMA 05-25 | ट्रेन नं० - 22451/22452 (CDG-BDTS Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 27.06.25 12:00:00 |

No. 23AC/393/Parking/Publications/2024 Date: 16.06.2025 1797/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### सीईटी के लिए 13.48 लाख से अधिक आवेदन

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग चेयरमैन हिम्मत सिंह ने बताया कि ग्रुप-सी की कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) के लिए अब तक कुल 13 लाख 48 हजार 697 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदन करने में हिसार जिला सबसे आगे रहा, जहां से 1 लाख 44 हजार 403 आवेदन प्राप्त हुए। इसके बाद भिवानी से 1 लाख 5 हजार 469 और जींद से 1 लाख 5 हजार 344 आवेदन आए। सबसे कम आवेदन करने वाले जिलों में पंचकूला से 13 हजार 422, फरीदाबाद से 22 हजार 424 और नूंह से 22 हजार 940 आवेदन प्राप्त हुए हैं। हिम्मत सिंह ने बताया कि आयोग इस पूरी प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के संपन्न करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एमटीपी और अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कड़ी नजर रखें

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के निर्देशों पर हरियाणा में लिंगानुपात सुधारने के लिए गठित राज्य टास्क फोर्स की साप्ताहिक बैठक आज यहां अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्वास्थ्य सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अधिकारियों को राज्य के सभी एमटीपी और अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए ताकि कोई भी अवैध लिंग परीक्षण और गर्भपात न हो सके।

### कम रेट में बिक रहे मक्का और सूरजमुखी : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि एकबार फिर बीजेपी के उस दावे की पोल खुल गई है, जिसमें वो 24 फसलों पर एमएसपी देने की बात करती है। आज मंडियों में किसान की मक्का और सूरजमुखी एमएसपी से बेहद कम रेट में पिट रही है और सत्ताधारी बीजेपी आंखें बंद करे बैठी है। कुरुक्षेत्र, अंबाला, करनाल, कैथल और आसपास के क्षेत्रों की मंडियों में फसलों की आवक जोरो पर है।

# चरखी दादरी, फतेहाबाद और पंचकूला में बनेंगी नई जेल, 284 करोड मंजूर

## डॉ. अरविंद शर्मा ने दी जानकारी, बोले, 3956 बंदियों को रखने की बढ़ेगी क्षमता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सहकारिता, जेल, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में चरखी दादरी के भैरवी, फतेहाबाद के बीघड व पंचकूला के जलोली गांव में नई जिला जेल परिसर निर्माण को हरी झंडी मिल गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा इन तीनों जेलों के लिए 284 करोड रुपये की प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की गई है। जेल विभाग द्वारा जल्द ही हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के माध्यम से इनके टेंडर जारी किए जाएंगे।

बेहतरीन सुरक्षा प्रबंधों वाली इन तीन जेलों में 3956 बंदियों को रखने की व्यवस्था होगी। आज यहां जानकारी देते हुए जेल मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जेल विभाग निरंतर बंदियों, कैदियों की मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने से लेकर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीन नई जिला जेल बनाने के लिए प्रक्रिया तेज हो गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चरखी दादरी जेल कैंपस निर्माण के लिए 97 करोड 73 रुपये, फतेहाबाद जेल कैंपस निर्माण के लिए 99 करोड 97 लाख व पंचकूला जिला जेल निर्माण के लिए 86 करोड 17 लाख की प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की गई है। इसके लिए जल्द ही हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन इसके संबंध में टेंडर जारी करेगी।

### गांव भैरवी — 58 एकड़ में होगा निमार्ण



जेल मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बताया कि चरखी दादरी जिला के गांव भैरवी में 58 एकड जमीन में बनने वाले जेल कैंपस में 1150 बंदियों को रखने की क्षमता होगी। चरखी दादरी जेल में प्रशासनिक खंड, पुरूष बंदियों के लिए 7 बैरक, महिला बंदियों के लिए 1 बैरक, 2 सुरक्षा सैल, 30 बैड का जेल अस्पताल, किचन, गोदाम, नियंत्रण कक्ष, जेल फैक्ट्री, अधिकरियों, कर्मचारियों के लिए परिसर का निर्माण किया जाएगा।

### गांव जलोली — कर्मचारियों के लिए 34 मकान

डॉ. अरविंद शर्मा ने बताया कि पंचकूला के गांव जलोली में जेल का निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि इस जेल कैंपस में 954 बंदियों की क्षमता के मुताबिक कैंपस बनेगा। इसमें प्रशासनिक भवन, पुरूष बंदियों के लिए 4 बैरक, महिला बंदियों के लिए एक बैरक, विशेष सुरक्षा सेल 4, 30 बैड का जेल अस्पताल, जेल फैक्ट्री, नियंत्रण कक्ष, कैंटीन, लाइब्रेरी, बहुउद्देश्यीय हाल, वार्डर हॉस्टल, अधिकारी, कर्मचारियों के लिए 34 मकान व मूलभूत सुविधाओं के लिए ढांचागत विकास किए जाएंगे।


### गांव बीघड — 45 एकड़ में 1852 बंदियों की क्षमता

डॉ. अरविंद शर्मा ने बताया कि फतेहाबाद के गांव बीघड में 45 एकड जमीन पर जेल का निर्माण होगा। इस जेल कैंपस में 1852 बंदियों की क्षमता के मुताबिक कैंपस का निर्माण किया जाएगा। इसमें प्रशासनिक भवन, पुरूष बंदियों के लिए 12 बैरक, महिला बंदियों के लिए एक बैरक, विशेष सुरक्षा सेल 4, 30 बैड का जेल अस्पताल, जेल फैक्ट्री, नियंत्रण कक्ष, कैंटीन, लाइब्रेरी, बहुउद्देश्यीय हाल, वार्डर हॉस्टल, अधिकारी, कर्मचारियों के लिए 115 मकान व मूलभूत सुविधाओं के लिए ढांचागत विकास किए जाएंगे।

### जेल महानिदेशक ने कहा
### रेवाड़ी जेल का सीएम कर चुके उद्घाटन

जेल महानिदेशक मोहम्मद अकील ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 3 केंद्रीय जेलों व 17 जिला जेलों में 22 हजार 647 बंदियों को रखने की क्षमता है। रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जेल मंत्री डॉ अरविंद शर्मा की मौजूदगी में रेवाडी के फिदेडी गांव में 50 एकड जमीन पर 95 करोड रूपए की लागत से नवनिर्मित जेल परिसर का उद्घाटन किया है, जिसमें तकरीबन एक हजार बंदियों को रखने की क्षमता है। उन्होंने बताया कि रेवाडी जेल में फिलहाल 65 बंदियों को रखने की ही व्यवस्था थी, जिसके चलते रेवाडी जिला के बंदियों को गुरुग्राम, नारनौल और झज्जर जेल में भेजा जा रहा था।






# गुरुग्राम में देश के सबसे बड़े मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को भारत सरकार में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ गुरुग्राम के मानेसर स्थित मारुति प्लांट में देश के सबसे बड़े गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल का संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। आईएमटी मानेसर स्थित मारुति सुजुकी प्लांट में स्थापित यह टर्मिनल प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अंतर्गत तैयार किया गया है जोकि भारत में विश्व स्तरीय लॉजिस्टिक्स नेटवर्क विकसित करने की दिशा में एक बड़ी योजना है। पूरी परियोजना पर 1 लाख 17 हजार 91 मिलियन रुपए की लागत आई है। इसमें हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड की 55.4 प्रतिशत, एचएसआइआइडीसी की 19 प्रतिशत और गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण की 5 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देश के दूसरे और हरियाणा के पहले गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल के लोकार्पण समारोह में पहुंचने पर केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव का स्वागत किया।



# यूथ कांग्रेस के चुनावी नतीजे घोषित निधन के बाद हिमानी बनी प्रदेश सचिव

## प्रदेशाध्यक्ष के लिए नितिश कटारिया, सोमुल संधू और मोहित शर्मा में मुकाबला

- प्रदेशाध्यक्ष पद के तीनों उम्मीदवारों का इंटरव्यू के बाद होगा फैसला
- पार्टी के चुनाव आयोग ने प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए डेलीगेट बनाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में यूथ कांग्रेस की चुनाव प्रक्रिया के बाद में मंगलवार को नतीजे घोषित किए गए हैं। चौकाने वाली बात है कि निधन के बाद हिमानी नरवाल को प्रदेश सचिव बनाया गया है। वहीं यूथ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए तीन नेताओं में मुकाबला रहा है। वोटिंग के जरिये यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों का फैसला हो रहा है। प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया के बेटे नितिश कटारिया, करनाल के वरिष्ठ नेता रघबीर संधू के बेटे सोमुल संधू और कांग्रेस के वरिष्ठतम नेताओं में शुमार रहे पंडित होशियारी लाल शर्मा के पोते मोहित शर्मा के बीच मुकाबला बच गया है। तीनों को ही चुनावी नतीजों के बाद पार्टी के चुनाव आयोग ने प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए डेलीगेट बनाया है। अब इंटरव्यू के जरिये प्रदेशाध्यक्ष पद का फैसला होगा। नितिश कटारिया की गिनती दीपेंद्र सिंह हुड्डा के समर्थकों में होती है। बता दें कि कांग्रेस ने यूथ कांग्रेस के 31 जिलाध्यक्ष भी चुने गए हैं। इनमें शहरी व ग्रामीण शामिल हैं और 84 हलका प्रधान भी बनाए हैं।

### सिकंदर प्रधान को ओपन सीट पर प्रदेश महासचिव बने

सिकंदर प्रधान को ओपन सीट पर प्रदेश महासचिव, राजकुमार यादव कनीना को महासचिव (ओबीसी), प्रदीप यादव को महासचिव (ओपन सीट), अजरूद्दीन मास्टर अजहर को महासचिव (अल्पसंख्यक), गुलाब सिंह को महासचिव (ओपन), नमन केड़िया को महासचिव (अल्पसंख्यक), पिंकी को महासचिव (ओबीसी), सूरज रिढाऊ को महासचिव (ओपन), आर्यन चौधरी को महासचिव (अल्पसंख्यक), नवीन दहिया को महासचिव (ओपन), योगेश फोगाट को महासचिव (ओपन) तथा प्रियांश मलिक को ओपन पद के लिए प्रदेश महासचिव बनाया गया है। इसी तरह से योगेंद्र सोनी, राकेश सांघी व अतुन सिंह लठवाल को ओपन पद के लिए प्रदेश महासचिव, अंकुमर मेहनत को महासचिव (ईसी), प्रतीक चौधरी व अमन ढिल्लों को प्रदेश महासचिव तथा एससी-एसटी कैटेगरी में विकास कुमार को प्रदेश महासचिव का पद मिला है। ओबीसी कोटे से अजय कुमार, ईसी में कविश सलुजा, ओपन में सागर शर्मा, सतीश कुमार, गौरव जयरामपुर, रोहित श्योराण, नवदीप सिंह तथा कृष्ण कुमार को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। इनमें से तीन को जिला महासचिव नियुक्त किया है। इनमें अमित कुमार, मनीष कुमार रांगी व यादवेंद्र श्योराण शामिल हैं।

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | गांव सातरोड (हिसार) में पीएचसी का निर्माण (सोलर वाटर हिटिंग सिस्टम का प्रावधान केवल)। | 16.06.2025 30.06.2025 | 16.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में सिविल हॉस्पीटल में पीएसए प्लांट की स्थापना (250 केवीए साइलेंट डीजी सैट का प्रावधान केवल) (बकाया कार्य)। | 13.06.2025 19.06.2025 | 1.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में आयुक्त कार्यालय का अपग्रेडेशन / पुनरोद्धार (ई.आई. आंतरिक, एलएएन, ईपीएबीएक्स, एयरकंडीशनर, यूपीएस का प्रावधान केवल) (ई.आई. आंतरिक, एलएएन, ईपीएबीएक्स, यूपीएस इत्यादि का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 13.06.2025 27.06.2025 | 97.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | बी.पी.एस. राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां, सोनीपत में कैंटीन सेवाओं हेतु ई-निविदा (कैटेगरी-सर्विसेज)। | 18.06.2025 27.06.2025 | 80,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 8168583080 Bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | सतनाली फीडर पर 25.670 से कि.मी. 26.270 तक टिब्बा स्लाइडिंग (ई/वर्क) + 2 कार्य। | 16.06.2025 26.06.2025 | 3.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज करनाल | जरीफाबाद - गांव जरीफाबाद ब्लॉक चिराव में कश्यप चौपाल की मरम्मत और बरामदे का निर्माण, स्कीम वीएएनजीवाई + 7 कार्य। | 10.06.2025 28.06.2025 | 48.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज सोनीपत | गांव हरसाना कलां ब्लॉक सोनीपत में खरखौदा रोड से हरसाना रोड तक फील्ड रास्ता का निर्माण, डी-प्लान। | बंद होने की तिथि 23.06.2025 | 11.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168237223 sachin.sdopr@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | गांव जागसी सहरावत ब्लॉक मुंडलाना, जिला सोनीपत में राजेन्द्र के मकान से मतांड रोड (एचआरडीएफ 2023-24) तक आईपीबी सहित फिरनी का निर्माण + 1 कार्य। | 16.06.2025 23.06.2025 | 74.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 9 | महिला एवं बाल विकास, चरखी दादरी | एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी आपूर्ति का परिवहन कार्य। | 09.06.2025 25.06.2025 | 50,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812172177 dpowcddadri@gmail.com |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | मशीनरी और उपकरण (राज्य स्कीमों के तहत मृदा परीक्षण और फसल टेक्नीशियन) की खरीद। | 17.06.2025 18.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 11 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | मशीनरी और उपकरण (राज्य स्कीमों के तहत फायर टेक्नोलॉजी और औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन) की खरीद। | 17.06.2025 18.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | मशीनरी और उपकरण (राज्य स्कीम के तहत लिफ्ट और एस्केलेटर) की खरीद। | 17.06.2025 18.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 13 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | मशीनरी और उपकरण (राज्य स्कीमों के तहत टेक्सटाइल वैट प्रोसैसिंग टेक्नीशियन) की खरीद। | 17.06.2025 18.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2026/260/35717/I/88/6 दि. 17.06.25

## राजा हत्याकांड का क्राइम सीन रीक्रिएट करवाया

# सोनम बोली- मार दो इसे... फिर लाश कातिलों के संग मिलकर खाई में फेंकी

एजेंसी ▶▶ शिलांग

### जांच सिर्फ प्रेम त्रिकोण तक सीमित नहीं



**पुलिस क्राइम सीन रीक्रिएट करने के लिए सोहरा के वेइसाडोंग फॉल्स पहुंची, सोनम रघुवंशी समेत सभी आरोपियों को घटनास्थल पर ले जाया गया**

मेघालय के सनसनीखेज राजा रघुवंशी हत्याकांड में मंगलवार को शिलांग पुलिस क्राइम सीन रीक्रिएट करने के लिए सोहरा के वेइसाडोंग फॉल्स पहुंची। फोरेंसिक टीम भी मौके पर मौजूद रही। सोनम रघुवंशी समेत सभी आरोपियों को घटनास्थल पर ले जाया गया। ये वहीं जगह है जहां राजा का मर्डर कर राजा को गहरी खाई में फेंक दिया गया था। पुलिस ने क्राइम सीन वाली जगह को घेर लिया और मीडिया को आसपास जाने की मनाही रही। पुलिस के अनुसार, गुवाहाटी और चेरापूंजी में दो जगहों पर राजा की हत्या की कोशिश नाकाम रही और चौथी जगह वेइसाडोंग में कातिल कामयाब हुए। सोनम ने भी खुद पति राज को मारने के लिए कातिलों को उकसाते हुए कहा था कि मारो इसे। यही नहीं, लाश कातिलों के संग मिलकर खाई में फेंकी थी। पहले दिन की पुलिस कस्टडी में सोनम, राज कुशवाह समेत पांचों आरोपियों से पूछताछ के बाद शिलांग एसपी विवेक स्येम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलासे किए थे।

### सोनम का परिवार भी जांच के दायरे में

मेघालय के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) इदाशीशा नोंगरांग ने कहा कि सोहरा में इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या की जांच कर रहे जांच अधिकारी प्रेम त्रिकोण को एकमात्र मकसद नहीं मान रहे हैं और वे विभिन्न अन्य पहलुओं को भी ध्यान में रखकर जांच कर रहे हैं। हम जांच कर रहे हैं कि क्या इस मामले में कुछ और भी पहलू हो सकते हैं। सोनम के परिवार को भी जांच के दायरे में लाया जा सकता है।

### सोनम रघुवंशी के एनकाउंटर की मांग

मेघालय पुलिस की जांच से राजा रघुवंशी के दोनो भाई संतुष्ट दिखे। बड़े भाई विपिन और सचिन ने कहा कि अगर उनका सोनम रघुवंशी से सामना हुआ तो वो पूछेंगे कि तुमने सोनम तो मारा क्यों? सचिन रघुवंशी ने तो सोनम के लिए आजीवन कारावास की मांग की है। वहीं विपिन ने साथ ही सोनम रघुवंशी के एनकाउंटर करने की मांग कर डाली। राजा के भाई विपिन ने मेघालय पुलिस से सीधी मांग करते हुए कहा कि ये लोग अभी जेल जाएंगे।

## संजीव भसीन समेत 12 को सेबी ने ट्रेडिंग से किया बैन

### जब्त होंगे 11 करोड़ रुपये

**मुंबई।** मार्केट रेग्युलेटर सेबी ने आईआईएफएल सिक्योरिटी से लंबे समय से जुड़े संजीव भसीन और उनके 11 सहयोगियों को इक्विटी मार्केट में एंट्री करने से रोक दिया है। उन्हें डायरेक्ट या इनडायरेक्ट तौर पर इक्विटी खरीदने, बेचने या ट्रांजेक्शन करने से रोक दिया गया है। सेबी ने 11.37 करोड़ रुपए की अवैध कमाई जब्त करने का आदेश भी जारी किया गया है। सेबी ने इन लोगों पर मार्केट धोखाधड़ी के कारण रोक लगाया है। सेबी ने अपनी एक जांच में कहा कि ये लोग शेयर पर पंप एंड डंप योजना के तहत गलत तरीके से पैसा कमा रहे थे। जून 2024 में शुरू हुई सेबी की जांच से पता चला है कि भसीन ने एक प्राइवेट कंपनी को कुछ खास स्टॉक खरीदने का निर्देश दिया था, जिससे कीमतों और ट्रेडिंग वॉल्यूम पर असर पड़ा। सेबी ने आरोप लगाया कि इस हेराफेरी से 11.37 करोड़ रुपए का अवैध लाभ कमाया। इस पूरी राशि को संयुक्त रूप से और अलग-अलग लोगों से जब्त किया जाना है। सेबी के निर्देश के अनुसार, आरोपियों को अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के साथ सावधि जमा खातों में पूरी राशि जमा करनी होगी और यह अमाउंट सेबी के अगले आदेश तक फ्रीज रहेगा। आदेश के अनुसार, आरोपियों को इक्विटी मार्केट में भाग लेने से पूरी तरह से रोक दिया गया है।

# बिहार को मिलेंगे छह नए हवाई अड्डे, कैबिनेट ने दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के छह और शहरों में हवाई अड्डे बनाने के खातिर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए राज्य कैबिनेट ने मंगलवार को अपनी मंजूरी दे दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र की क्षेत्रीय संपर्क योजना 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) के तहत मधुबनी, सुपौल में बीरपुर, मुंगेर, बेतिया में वाल्मीकि नगर, मुजफ्फरपुर और सहरसा में नए हवाई अड्डे विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता वाली कैबिनेट ने हवाई अड्डों के विकास के लिए राज्य के विमानन निदेशालय और एएआई के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी। अतिरिक्त मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने संवाददाताओं को बताया, ''कुल 150 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं जिसमें से प्रत्येक हवाई अड्डे के विकास के लिए 25 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।'

### राज्य विधानसभा चुनाव इसी साल दिसंबर में

राज्य में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले यह फैसला लिया गया। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने पटना में आयकर गोलंबर के पास एक पांच सितारा होटल के निर्माण के लिए 'कुमार इंफ्राट्रेड एंटरप्राइजेज लिमिटेड' को ठेका देने के लिए भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा, ''होटल को सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित किया जाएगा और जमीन 90 साल की लीज पर दी जाएगी। पटना में बांकीपुर बस स्टैंड तथा आर गोलंबर के पास दो और पांच सितारा होटलों के निर्माण के लिए बोली प्रक्रिया को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।'' सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट ने चने के लिए 5,650 रुपये, सरसों के लिए 5,950 रुपये और मसूर के लिए 6,700 रुपये न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) भी तय किया है। यह भी निर्णय लिया गया कि विशेष सहायक पुलिस (एसएपी) में भर्ती 1,717 सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों का अनुबंध 2025-26 तक बढ़ाया जाएगा। कैबिनेट ने सरकारी स्कूलों और पुस्तकालयों में लिपिक और लाइब्रेरियन की भर्ती के लिए दिशा-निर्देशों को भी मंजूरी दी।

## जम्मू-कश्मीर सरकार का फैसला, अमरनाथ यात्रा मार्ग नो फ्लाई जोन घोषित, ड्रोन भी प्रतिबंधित

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में होने वाली अमरनाथ यात्रा को लेकर सरकार ने सभी रास्तों को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। इसके साथ ही पूरी यात्रा के दौरान किसी तरह के ड्रोन और गुब्बारों पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही इन मार्गों से किसी भी तरह विमानन प्लेटफॉर्म को प्रतिबंधित किया है। जम्मू कश्मीर सरकार ने ये फैसला सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए लिखा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा दिए गए सलाह के बाद जेके सरकार ने ये फैसला लिया है। प्रदेश के गृह विभाग द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि इस साल 2025 में श्री अमरनाथ जी यात्रा के दौरान सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से यात्रा के सभी मार्गों को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया जाता है। आदेश में ये भी कहा गया है कि इस प्रकार यूएवी, ड्रोन और गुब्बारे आदि सहित किसी भी प्रकार के उड़ने वाले हवाई गैजेट्स की उड़ान को 1 जुलाई 2025 से 10 अगस्त 2025 तक प्रतिबंधित है। आदेश में कहा गया है कि ये प्रतिबंध चिकित्सा निकासी, आपदा प्रबंधन और सुरक्षा बलों द्वारा निगरानी के मामलों में लागू नहीं होंगे।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्किल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

7460

मनकि राजेन्द्र सिहं पुत्र कमल सिहं उर्फ कवल सिहं पुत्र प्यारेलाल, निवासी एवं बिस्वेदार गाँव बामडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2019–20, के अनुसार खेवट न0 20मिन/5, खाता न0 20 मिन, मु0 न0 5, किला न0 17/2(7–14), किता 1, तादादी रकबा 7 कनाल 14 मरले (0.9625 एकड़) सालम भाग, वाका रकबा मौजा बामडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 7 कनाल 14 मरले (0.9625 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्किल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 17.06.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com



फा.सं. एसके–22011/10/2025–कौशल
भारत सरकार / Government of India
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
Ministry of Social Justice & Empowerment
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
Department of Empowerment of Persons with Disabilities (Divyangjan)
5वां तल, बी विंग, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003
5th Floor, B Wing, Pt. Deendayal Antyodaya Bhawan, CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi-110003

**दिव्यांग छात्रों के लिए निःशुल्क कोचिंग**

**दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अपने राष्ट्रीय संस्थानों (NI), समेकित क्षेत्रीय केंद्रों (CRC), और पैनलबद्ध केंद्रीय/राज्य विश्वविद्यालयों** के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही **'दिव्यांग छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना'** के तहत **निःशुल्क कोचिंग** का लाभ उठाने के लिए बेंचमार्क दिव्यांगता यानी 40% या उससे अधिक दिव्यांगता वाले पात्र दिव्यांग छात्रों से आवेदन आमंत्रित करता है।

2. इस पहल का उद्देश्य **8.00 लाख रुपये तक की वार्षिक आय** वाले परिवारों के छात्रों को **सरकारी नौकरियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं** की तैयारी करने तथा उन्हें **व्यावसायिक और तकनीकी पाठ्यक्रमों** में प्रवेश पाने के लिए सशक्त बनाना है।

**3. इस योजना के तहत प्रदान की जाने वाली सहायता इस प्रकार है:**

| क्रम सं. | विवरण | राशि |
|---|---|---|
| 1 | निःशुल्क कोचिंग | 40,000 रु/--75,000 रु/- (पाठ्यक्रम के दिशानिर्देशों के अनुसार) |
| 2 | वजीफा (स्टाइपेंड) / रखरखाव भत्ता | 4,000 रु/- प्रति माह |
| 3 | दिव्यांगता भत्ता | 2,000 रु/- प्रति माह |
| 4 | पुस्तक भत्ता | 5,000 रु/- (एक-बारगी प्रति पाठ्यक्रम) |

4. पात्रता, अनुमोदित पाठ्यक्रमों, कार्यान्वयन एजेंसियों तथा योजना के दिशानिर्देशों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया वेबसाइट https://depwd.gov.in/scholarship/ देखें। इससे संबंधित अधिक जानकारी या प्रश्नों के समाधान के लिए, आप ds.skillnap-depwd@gov.in के माध्यम से या टेलीफोन नम्बर 011-24369025 पर हमसे संपर्क कर सकते हैं।

CBC- 38117/11/0004/2526 — अवर सचिव, भारत सरकार



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**डी.डी न. 08 दिनांक 13.06.25 धारा 194 BNSS थाना सदर जिला रोहतक।**

**अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे**

नाम - नामालूम
पिता/पति का नाम नामालूम
पता- नामालूम।
उम्र लगभग 50 वर्ष।
कद- लगभग 5 फुट 6 इंच।
हुलिया- रंग सांवला, गोल चेहरा, चेहरे पर हल्की दाढी है
पहनावा- आसमानी रंग का पजामा व नीचे स्लेटी रंग की कैपरी पहने हुए।



JLN नहर रिठाल फौगाट में मिली

दिनांक 13.06.25 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश है। जिसकी मौत पानी में डूबने के कारण होनी बयान हुई है। जो नाश गली सडी अवस्था में मिली है। जिसके परिजनो का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना सदर रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतू 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उचित इनाम से सम्मानित किया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सदर रोहतक 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सदर रोहतक - 9467309684



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 168 दिनांक 24.04.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**

नाम - चिराग
पिता/पति- पुत्र संजय
पता - निवासी अमृत कालोनी रोहतक
उम्र- 5 वर्ष
कद- 3 फुट।
हुलिया - रंग गेंहुआ, गोल चेहरा।
पहनावा - लाल रंग की टी शर्ट, काले रंग की निक्कर व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।



दिनांक 24.04.25 को चिराग पुत्र संजय निवासी अमृत कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर यदि सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 8295268100

पीआरडीएच-1084/11/3527/2026/35679/88/6 दि. 17.06.25



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम गुरूग्राम | वार्ड 24, एमसीजी के तहत सेक्टर–45, कन्हाई में बकेट मशीन का उपयोग करके सीवर लाइन की सफाई / गाद निकालने का आकलन + 12 कार्य। | 14.06.2025 23.06.2025 | 3.52 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9996702244 ee4@mcg.gov.in |
| 2 | नगर निगम गुरूग्राम | एमसीजी के तहत सेक्टर–27, 42 और 43, वार्ड नं. 22, डिवीजन 4ए में स्टॉर्म वाटर ड्रेन्स की सफाई और गाद निकालने हेतु आकलन + 2 कार्य। | 15.06.2025 23.06.2025 | 82.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996702244 ee4@mcg.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35684/I/88/6 दि. 17.06.25



## NATIONAL HEALTH MISSION
### District Health & Family Welfare Society Jhajjar
### Advertisements

District Health & Family Welfare Society Jhajjar invites applications from the eligible candidates for filling up of following posts in District Jhajjar of Haryana under National Health Mission, (NHM) Haryana, purely on contract basis, initially upto 31/03/2026 which may be extended further with details as mentioned below:-

| Sr. No | Name of Post | Eligibility | Date of document varification |
|---|---|---|---|
| 1 | Gynaecologist (MH)-05 Gen-04, SC-01 for CH Beri and CHC Dighal | (i) MBBS or equivalent degree from any institution recognized by the Medical Council of India, (ii) PG Degree (MD)/DGO. (iii) Hindi/Sanskrit upto Matric Consolidated Honorarium, 150,000/- pm **Maximum AGE LIMIT:** 65 years | Every Thursday and if holiday then next working day till vacancy last |
| 2 | Paediatrician (MH)-06 Gen-05, SC-01 for CH Beri and CHC Dighal | (1) MBBS or equivalent degree from any institution recognized by the Medical Council of India (ii) PG Degree/Diploma in Paediatrics. (iii) Hindi/Sanskrit upto Matric. Consolidated Honorarium, 150,000/- pm **Maximum AGE LIMIT:** 65 years | Every Thursday and if holiday then next working day till vacancy last |
| 3 | Anaesthetist (MH)-05 Gen-04, SC-01 for CH Beri and CHC Dighal | (i) MBBS or equivalent degree from any institution recognized by the Medical Council of India (ii) PG Degree(MD in Anesthesia) / Diploma in Anaesthesia. (ii) Hindi/Sanskrit upto Matric. Consolidated Honorarium, 150,000/- pm **Maximum AGE LIMIT:** 65 years | Every Thursday and if holiday then next working day till vacancy last |

**महत्वपूर्ण सूचना :-**
1. सभी पदों के लिए योग्य उम्मीदवार पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र सभी दस्तावेजों सहित सिविल सर्जन कार्यालय की डी०पी०एम०यू० एन०एच०एम० शाखा में विज्ञापन के सामने दर्शाई गई तिथि (document verification के दिन) प्रातः 09:00 बजे से 11:00 बजे तक 200 रूप्ये की फीस के साथ जमा करवा सकते है। इसके पश्चात प्रत्येक वीरवार को document verification की जाएगी।
2. अनुभवी उम्मीदवार को वरीयता दी जायेगी।
3. पदों की संख्या आव वकता अनुसार घटाई / बढ़ाई/ खत्म की जा सकती है।
4. यदि किसी आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ कोई भी अधूरी, भ्रामक अथवा गलत सूचना दी जाती है तो उसका आवेदन व appointment भी बिना सूचना दिए रद्द कर दिया जाएगा।
5. किसी भी प्रकार के वाद-विवाद के लिए न्यायक्षेत्र झज्जर शहर होगा।
6. चयन उपरोक्त संस्थाओं के लिय ही होगा, किसी अन्य संस्था के लिये नहीं।
7. उपरोक्त पदों के लिये एक अभ्यार्थी द्वारा एक पद अथवा एक संख्या के लिए एक ही आवेदन मान्य है व आवेदन फार्म के उपर पद का नाम व स्थान लिखे अन्यथा फाम Reject हो जाएगा।
8. चयन प्रकिया मिशन निदेशक कार्यालय द्वारा पत्र कमांक NHM/Admin/HRC-1/2022-23/10885-905 दिनांक 20/03/2023 के तहत जारी नवीनतम गाईडलाईन के तहत की जाएगी।
9. किसी भी पद के लिए कोई लिखित परीक्षा अथवा कम्पयुटर टैस्ट नहीं लिया जाएगा
10. यदि किसी प्रार्थी की performance अथवा conduct असन्तोषजनक पाया जाता है तो उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएगी।
11. यह नियुक्ति अंतिम परिणाम के अधीन है यदि कोर्ट केस कानून के सक्षम न्यायालय में लंबित है यदि कोई हो।

नोट- Document verification के लिये अलग से कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा व किसी प्रकार का किराया भत्ता इत्यादि देय नही होगा।

-हस्ता/-सिविल सर्जन-कम-चेयरमैन (ई०सी०)
जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति, झज्जर

पीआरडीएच- 1058/11/1091/2026/35681/88/6 दि. 17.06.25



## हरियाणा लोक सेवा आयोग
### बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला

### घोषणा

सभी उम्मीदवारों की जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि नीचे वर्णितानुसार स्क्रीनिंग टेस्ट्स, जो 22.06.2025 और 29.06.2025 को आयोजित किए जाने निर्धारित थे, स्थगित कर दिये गये हैं :–

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1. | कॉमर्स विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 44/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट |
| 2. | पर्यावरणीय विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 49/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट |
| 3. | गृह विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 54/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट |
| 4. | गणित विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 56/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट |
| 5. | मनोविज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 63/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट |
| 6. | संस्कृत विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 65/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट |

स्क्रीनिंग टेस्ट्स की नई तिथि यथासमय घोषित की जाएगी। उम्मीदवारों को अपडेट्स के लिए आयोग की वेबसाइट पर पधारते रहने का परामर्श दिया जाता है।

दिनांक : 16.06.2025 — हस्ता/– सचिव
संवाद–1156/13/331/2026/35710/88/6 दि. 17.06.25 — हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला



## ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट-IV ए) (नियम 8 (6))

प्रत्याभूति हित अधिनियम, 2002 (यहां इसके पश्चात ''एक्ट'') के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल-एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव -122015 (हरियाणा) और **शाखा कार्यालय :- प्रथम तल, डीएस123पी, सेक्टर-07, अर्बन एस्टेट, कुरुक्षेत्र, हरियाणा**-136118 के पास गिरवीकृत अचल सम्पत्ति की बिक्री। चूंकि आईआईएफएल-एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी (''एओ'') आईआईएफएल-एचएफएल को देय राशि की उगाही हेतु ''जैसा है जहां है आधार, जो है जैसा है आधार और बिना अवलम्ब आधार'' पर इसकी बिक्री के अधिकार सहित निम्नलिखित ऋण अकाउंट्स / प्रोस्पैक्ट नम्बर में अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित सम्पत्ति/यों का कब्जा ले चुके थे, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध करवाए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों)/ गारंटर(ों) | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति का वर्णन | भौतिक कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्री संजीव कुमार 2. गुप्ता गिल्क डेयरी 3. श्रीमती सुनहरी देवी (प्रोस्पेक्ट नं. 945303) | 6-अक्टू.-2021 रु. 8,05,659/- (रुपये आठ लाख पांच हजार छह सौ उनसठ केवल) बोली बढ़ोतरी राशि रु. 25,000/- (रुपये पच्चीस हजार केवल) | सम्पत्ति प्लॉट नं. 108ए, माप 1359 वर्गफुट, वाका मौजा दारा खेड़ा दिदार नगर, थानेसर, तहसील थानेसर, जिला कुरूक्षेत्र, हरियाणा, भारत-132001 के सभी भाग व हिस्से। | 02-फर.-2024 कुल बकाया दिनांक 11 जून 2025 के अनुसार रु. 13,47,840/- (रुपये तेरह लाख सैंतालीस हजार आठ सौ चालीस केवल) | रु. 14,57,000/- (रुपये चौदह लाख सतावन हजार केवल) धरोहर राशि जमा (ईएमडी) रु. 1,45,700/- (रुपये एक लाख पैंतालीस हजार सात सौ केवल) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अन्तिम तिथि | ई-नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 02 जुलाई 2025 1100 बजे - 1400 बजे | 04 जुलाई 2025 अप. 5.00 बजे तक | 07 जुलाई 2025 1100 बजे - 1300 बजे |

**भुगतान का मोड** :- ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के तहत किये जाने है। भुगतान करने के लिये आपको https://www.iiflonehome.com पर पधारना होगा और केवल सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा। **टिप्पणी** : प्रत्येक सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें आप सार्वजनिक नीलामी के तहत खरीदने के लिये इच्छुक सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं।
**बकाया भुगतान हेतु - लॉगइन करें https://www.iiflonehome.com >My Bid >Pay Balance Amount**

**नियम एवं शर्तें :-**
1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिये, इच्छुक बोलीदाताओं को पहले ही सेवाप्रदाता https://www.iiflonehome.com के पास अपने विवरण पंजीकरण करवाना आवश्यक है और लॉगइन अकाउंट, लॉगइन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ऊपर वर्णित शाखा कार्यालय में भुगतान विवरण के तहत ईएमडी, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति सहित अपना ''निविदा प्रपत्र'' जमा करवाना / भेजना होगा।
2. बोलीदाता कॉलम ''बोली बढ़ोतरी राशि'' के तहत वर्णित राशि के गुणज में अपने प्रस्ताव सुधारेंगे। यदि बोली नीलामी बंद होने के समय के अन्तिम 5 मिनट में रखी जाती है, बंद होने का समय स्वतः ही 5 मिनट के लिये बढ़ा दिया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि का शेष 75% सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना चाहिए। सभी जमा और भुगतान भुगतान के निर्धारित तरीके में होंगे।
4. खरीदार को उपकर, लागू स्टांप ड्यूटी, शुल्क और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य देय जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और लागत दरों सहित चार्जेज वहन करने होंगे।
5. खरीददार को बिक्री राशि के लेन-देन / भुगतान करने के लिए टीडीएस अप्लीकेशन भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफल के पास टीडीएस प्रमाण-पत्र जमा करवाना होगा।
6. **बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिये अपनी बोलियां जमा करवाने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction को पढ़ना चाहिए।**
7. विवरण, ई-नीलामी पर मदद प्रक्रिया और ऑनलाइन ट्रेनिंग हेतु संभाव्य बोलीदाता सेवाप्रदाता से सम्पर्क कर सकते हैं ई-मेल आईडी :- care@iiflonehome.com, सपोर्ट हैल्पलाइन नम्बर : @1800 2672 499
8. सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली इत्यादि से सम्बन्धित किसी पूछताछ के लिये आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नं. 1800 2672 499 पर 09:30 बजे से 18:00 बजे के बीच सोमवार से शुक्रवार तक कॉल करें अथवा care@iiflonehome.com पर ई-मेल लिखें।
9. उपरोक्त कर्जदारों को एतद् द्वारा 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय प्रत्याभूत परिसम्पत्ति में रखे गये घरेलू सामानों को एकत्र करने के लिए नोटिस दिया जाता है, अन्यथा आईआईएफएल -एचएफएल परिस्थितियों के तहत संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अलावा कर्जदार/ों को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
11. सफल बोलीदाता / नीलामी खरीदकर्ता द्वारा किसी भी स्तर पर उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) को जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी को स्थगित करने / रद्द करने अथवा नियम एवं शर्तों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 उप नियम (1) के तहत 15 दिन की बिक्री सूचना**

कर्जदारों को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वह निविदा/नीलामी की तारीख से पहले अद्यतन ब्याज और सहायक व्यय के साथ ऊपर वर्णित राशि का भुगतान कर दें, जिसमें विफल रहने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया देय राशि है तो ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी

स्थान : कुरूक्षेत्र, दिनांक: 18 जून 2025 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड



## जेल विभाग, हरियाणा
### बेज नं. 03-06, सेक्टर-14, पंचकूला
टेली. : 0172-2586721, ई-मेल : office_dg.prisons@hry.nic.in

### वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु सूचना

जेल विभाग, हरियाणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई), भारत सरकार के नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिये राष्ट्रीय कार्यवाही योजना की स्कीम के तहत हरियाणा राज्य की 15 जेलों में 15 बिस्तर वाले नशामुक्ति केन्द्रों की प्रक्रिया प्रारम्भ कर चुका है। पदों का विवरण, उनकी योग्यता और पारिश्रमिक निम्न प्रकार से हैं :-

| क्र. सं. | पदों का नाम | शैक्षणिक योग्यता और अनुभव | मासिक पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|
| 01. | सहकर्मी शिक्षक | साक्षर ; 1-2 वर्ष के परहेज सहित पूर्व-ड्रग यूजर, नशा करने वाली जनसंख्या के बीच कार्य करने के इच्छुक के साथ-साथ विशेषताएं जैसे संवेदना, संचार कौशल रखने वाला होना चाहिए। प्रशिक्षण प्राप्त करने का इच्छुक ; नशीली दवाओं का उपयोग करने, खरीदने, अथवा बेचने से परहेज रखने के लिये सहमत ; हानिकारक नशीली दवाओं का उपयोग और पुनरावर्तन के निषेध हेतु कार्य करने के लिये तैयार। | 10,000/- |

**वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि और स्थान** :- नीचे वर्णित जेल में रिक्त अनुबंधात्मक पद को भरने के लिये वॉक-इन-इंटरव्यू 23.06.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे निर्धारित किया गया है :-

| क्र. सं. | जेल का नाम | पद जिनके लिये वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। | पदों की सं. | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला जेल, गुरुग्राम | सहकर्मी शिक्षक | 01 | एक वर्ष अथवा मुख्य कार्यालय के निर्देशानुसार जो भी पहले है |

**नियम एवं शर्तें ;**
1. आवेदकों को 23.06.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे उपरोक्त जेल में उपस्थित होने का परामर्श दिया जाता है। मूल दस्तावेजों को साक्षात्कार के दौरान चैक किया जाएगा और उसके पश्चात प्राप्त किसी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. साक्षात्कार में उपस्थित होने अथवा चयन और नियुक्ति के प्रस्ताव की स्वीकृति के पश्चात नियुक्ति के स्थान पर ज्वाइन करने के लिये उम्मीदवारों को कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।
3. आवश्यक योग्यताएं / अनुभव को पूरा करने मात्र से ही चयन की गारंटी नहीं दी जाती है। उम्मीदवारों की नियुक्ति के सम्बन्ध में चयन समिति का निर्णय अन्तिम होगा और इस सम्बन्ध में कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. उपरोक्त पद पूर्णतया अनुबंध आधार पर और उपरोक्त अवधि के लिये है।
5. चयनित उम्मीदवारों को कोई एचआरए / चिकित्सा दावा / परिवहन भत्ता इत्यादि का भुगतान नहीं किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें** :- पात्र और इच्छुक आवेदकों को अपने विधिवत भरे हुये आवेदन प्रपत्र (प्रारूप संलग्न) और बायो-डेटा /रिज्यूमे / सीवी (नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ विधिवत चिपकाए हुये सहित) सहित मूल प्रमाण-पत्रों और साथ-साथ आयु, योग्यताओं, अंकतालिका, डिग्री, एमसीआई/स्टेट रजिस्ट्रेशन, श्रेणी और अनुभव प्रमाण-पत्र इत्यादि के समर्थन में सम्बद्ध दस्तावेजों की स्व-सत्यापित छायाप्रति का एक सैट और दो नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये उपरोक्त जेल में 23.06.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे उपस्थित होना चाहिए।

हस्ता/- उप अधीक्षक (प्रशा.),
कृते महानिदेशक, जेल, हरियाणा

**अनुलग्नक-III**
**आवेदन प्रपत्र**
**(अनुबंध आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन)**

पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं

1. पद जिसके लिये आवेदन कर रहे हैं ________
2. आवेदक का नाम ________ लिंग ________
3. पिता का नाम ________ माता का नाम ________
4. पति/पत्नी का नाम ________
5. जन्मतिथि ________ आयु ________
6. वैवाहिक स्थिति ________
7. डाक पता ________ पिन ________
8. स्थायी पता ________ पिन ________
9. ई-मेल पता ________
10. टेलीफोन नम्बर ________ मोबाइल नम्बर ________
11. शैक्षणिक / तकनीकी / व्यावसायिक योग्यता (हाई स्कूल और अधिक) :
प्रमाण-पत्र संलग्न करें

| योग्यता | बोर्ड/ विश्वविद्यालय / संस्थान | उत्तीर्ण वर्ष | प्रतिशत अंक | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

(संलग्न किये जाने प्रमाण : अंक तालिकाएं, डिग्री सर्टिफिकेट, पंजीकरण इत्यादि)

12. कम्प्यूटर स्किल्स
एमएस ऑफिस / ई-मेल का वर्किंग नॉलेज — हां/नहीं
अंग्रेजी / हिन्दी टाइपिंग का ज्ञान रखते हैं — हां/नहीं
13. अनुभव (वर्तमान से पूर्ववर्ती तक) :-
(पूर्ववर्ती अनुभव जैसे नियुक्ति पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र, वेतन प्रमाण-पत्र इत्यादि का प्रमाण संलग्न करें)

| पदनाम | संस्थान / संगठन का नाम | कार्य की प्रकृति | कार्य अवधि | |
|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

कोई अन्य जानकारी ________

**घोषणा**

मैं घोषणा करता हूं कि उपरोक्त जानकारी मेरे अधिकतम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है। कोई जानकारी, यदि असत्य पाई जाती है, मेरी उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी।

दिनांक : ......................
स्थान : ...................... — आवेदक के हस्ताक्षर

पीआरडीएच-1277/11/91/2026/35711/88/6 दि. 17.06.25

## खबर संक्षेप

### रॉबर्ट वाड्रा फिर ईडी के सामने पेश नहीं



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ब्रिटेन निवासी शस्त्र सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष अपनी निर्धारित गवाही के लिए पेश नहीं हुए। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्हें 10 को पेश नहीं होने के बाद मंगलवार को पेश होने के लिए कहा गया था।

### दवा कंपनी की इकाई में विस्फोट में व्यक्ति की मौत




**नागपुर।** नागपुर जिले में मंगलवार को एक दवा कंपनी की इकाई में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। भीलगांव में 'अंकित पल्प्स एंड बोर्ड्स प्राइवेट लिमिटेड' की इकाई के 'ग्लास-लाइन्ड रिएक्टर' में विस्फोट हुआ। विस्फोट सुबह करीब 11 बजे हुआ जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।

### एक साथ उठी 4 भाइयों की अर्थी, गांव गमगीन



**पाली।** तेलंगाना के बसारा में गोदावरी नदी में रविवार को हुए दर्दनाक हादसे ने राजस्थान के पाली और नागौर को कभी नहीं भूल सकने वाला गम दिया है। राजस्थान के पाली जिले के तीन सगे भाई, उनका एक मौसेरा भाई और नागौर का एक युवक नदी में डूब गए।मंगलवार को ढाबर गांव में जब 4 भाइयों की एक साथ चिताएं जलीं, तो हर आंख नम थी।

### चर्च सहायक ने 3 लड़कों का किया यौन उत्पीड़न



**चेन्नई।** यहां के अंबत्तूर इलाके में एक चर्च के फादर के सहायक पर 3 नाबालिग लड़कों के साथ यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपी येसुदास को खिलाफ पाक्सो एक्ट समेत कई धाराओं में गिरफ्तार भी कर लिया है।

### महाराष्ट्र में कोविड-19 के 67 नए मामले सामने आए, दो मरीजों की मौत

**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र में मंगलवार को कोविड-19 के 67 नए मामले सामने आए, जबकि पिछले 24 घंटे में संक्रमण के कारण दो मरीजों की मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि इनमें से 17 मामले मुंबई से आए हैं। विभाग ने बताया कि इन नए मामलों के आने से इस वर्ष जनवरी से अब तक राज्य में कोविड-19 से संक्रमित हुए लोगों की कुल संख्या 2,108 हो गई है।

## 2027 की जनगणना पर विपक्ष के वार पर भाजपा ने साधा निशाना

# कांग्रेस का लक्ष्य हो रहा विफल, वह हताशा में 'झूठा' प्रचार, भ्रम व अफवाह फैला रही

### विपक्षी पार्टी का मुख्य उद्देश्य समाज को गुमराह करना और सत्ता लोलुपता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस 2027 की जनगणना पर झूठा और भ्रामक प्रचार कर रही है क्योंकि समाज में विभाजन पैदा करके सत्ता हासिल करने की उसकी उम्मीद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की राष्ट्रव्यापी कवायद में जातिगत गणना को शामिल करने के फैसले से टूट रही है। कांग्रेस ने 16वीं जनगणना पर सरकार की अधिसूचना को 'निरर्थक' करार देते हुए सोमवार को कहा कि वह इस प्रक्रिया में जाति को शामिल करने के मुद्दे पर कुछ नहीं कहती है। साथ ही, कांग्रेस ने पूछा कि क्या यह सरकार का एक और यू-टर्न है। यह देखते हुए कि कुछ भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं कि राजपत्र अधिसूचना में जातिगत गणना का कोई उल्लेख नहीं है। गृह मंत्रालय ने बाद में जोर देकर कहा कि जनगणना में जाति गणना शामिल की जाएगी। झूठे दावों के साथ लोगों को गुमराह करने के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि इस तरह के ओछेकृत्य का सहारा लेकर विपक्षी पार्टी का मुख्य उद्देश्य समाज में भ्रम पैदा करना और सत्ता हासिल करना है।

#### कांग्रेस मिथ्या बातें, छल और झूठ पर उतारू



उन्होंने मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि चूंकि कांग्रेस को अपना उद्देश्य पूरा होता नहीं दिख रहा है, इसलिए वह मिथ्या बातें, छल और झूठ फैलाने पर उतर आई है। त्रिवेदी ने कहा कि सरकार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि जनगणना के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन और जाति जनगणना भी कराई जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कांग्रेस की दृष्टि संकीर्ण और सीमित है, बल्कि कहना चाहिए कि उनकी सोच एक दुर्भावनापूर्ण एजेंडे से प्रेरित है। इसी कारण वे मोदी सरकार द्वारा जनगणना कराने के फैसले में जो स्पष्ट रूप से बताया गया है, उसे देखने में असमर्थ हैं।

#### कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक की राजनीति की

त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा जाति के नाम पर वोट बैंक की राजनीति की है । पार्टी ने 1951 में जाति जनगणना रोकने का फैसला किया और काका कालेलकर आयोग और मंडल आयोग की रिपोर्ट को जारी नहीं होने दिया। 'सबका साथ, सबका विश्वास' मंत्र के साथ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार जाति गणना के साथ जनगणना कराना चाहती है ताकि सभी जातियों की पहचान, सभी जातियों के लिए सम्मान और सबसे पिछड़ी जातियों का उत्थान" सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके विपरीत कांग्रेस और भाजपा के नेता जाति के आधार पर समाज में विभाजन पैदा करके केवल अपने परिवारों का उत्थान चाहते हैं।

### पायलट ने जातिगत सर्वेक्षण का मॉडल अपनाने को कहा

*कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने अधिसूचना में 'जातिगत गणना का उल्लेख नहीं होने' पर सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि जाति*



*जनगणना पर सरकार की नीयत साफ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को 'भ्रम की स्थिति' पैदा करने के बजाय कांग्रेस शासित तेलंगाना में हुए हालिया जातिगत सर्वेक्षण का मॉडल अपनाते हुए जनगणना करानी चाहिए। केंद्र सरकार ने भारत की 16वीं जनगणना 2027 में कराने के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी की।*

#### राहुल ने भी जातिगत गणना की मांग की थी

पायलट ने कि कांग्रेस और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लंबे समय से मांग रखी थी कि देश में जब भी जनगणना हो, उसमें जातिगत जनगणना कराई जाए। जातिगत जनगणना का उद्देश्य सिर्फ जाति के बारे में जानना नहीं, बल्कि यह भी पता करना है कि अलग-अलग वर्ग के लोग किन स्थितियों में रह रहे हैं, सरकार की योजनाओं का लाभ ले पा रहे हैं या नहीं? देश और संस्थाओं में कितनी भागीदारी है तथा लोगों की शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति क्या है?

#### मांग करने वालों को 'अर्बन नक्सल' बताया था

उन्होंने दावा किया कि भाजपा और प्रधानमंत्री ने अतीत में कई बार कहा कि जातिगत गणना की मांग उठाने वाले लोग 'अर्बन नक्सल' हैं तथा सरकार जातिगत गणना कराने के पक्ष में नहीं है। पायलट ने कहा कि भारी विरोध के बाद सरकार ने अचानक उनकी पार्टी की मांग को मानते हुए जातिगत गणना कराने का फैसला किया।

### हमीरपुर में डॉ. भागवत का संबोधन

## हिंदू समाज और देश को एकजुट रखने के लिए मतभेदों को भुलाएं



एजेंसी ▶▶ हमीरपुर

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने इस बात पर जोर दिया है कि यदि लोग आपसी मतभेद भूल जाएं तो हिंदू समाज और देश एकजुट रह सकता है। भागवत ने हमीरपुर जिले के टिपर गांव में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू धर्म, हिंदू समाज और हिंदू संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। यहां स्वयंसेवकों के उत्तर क्षेत्र विकास शिविर में भाग लेने के लिए 4 दिवसीय यात्रा पर हैं। हमारे समाज की संस्कृति को सहेजकर रखने के लिए आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म, हिंदू समाज और हिंदू संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

#### भारतीय समाज में पंच परिवर्तन का आह्वान किया

उन्होंने समाज में सकारात्मक परिवर्तन को गति देने एवं समाज में अनुशासन व देशभक्ति के भाव को बढ़ाने के उद्देश्य से समाज में पंच परिवर्तन का आह्वान किया है, ताकि अनुशासन एवं देशभक्ति से ओतप्रोत युवा वर्ग अनुशासित होकर अपने देश को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करें। वर्ग कार्यवाह डा. प्रताप सिंह ने कहा कि कि सर संघचालक डा. मोहन भागवत उत्तर क्षेत्र के कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम के चार दिन रहेंगे। इस दौरान वे वर्ग में आए स्वयंसेवकों के साथ विभिन्न सामाजिक विषयों पर व्यापक चर्चा करेंगे।

#### 19 को होगा वर्ग का समापन

कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम में हिमाचल के अलावा दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़ सहित कुछ अन्य प्रदेशों के स्वयंसेवक प्रशिक्षण के लिए आए हैं। अभी तक प्रशिक्षण वर्ग में संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल व अरुण कुमार, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख बनवीर सिंह सहित डॉ. कुलदीप चद अग्निहोत्री, डॉ. रजनीश अरोड़ा के बौद्धिक सत्र हो चुके हैं। वर्ग-प्रथम में कुल 212 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। वर्ग का समापन कार्यक्रम 19 जून होगा, जिसमें समाज के गण मान्य बन्धु भगिनी कार्यक्रम दर्शन के लिए आएंगे।

## राहुल के जन्मदिन पर महारोजगार मेले का आयोजन करेगी कांग्रेस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय युवा कांग्रेस ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर 19 जून को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में विशाल ₹महारोजगार मेला₹ आयोजित करने की घोषणा की है। बिना सत्ता के युवक कांग्रेस का ये प्रयास पहला और नायाब माना जा रहा है। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक याज्ञवल्क्य श्रीकांत जिचकार, दिल्ली युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा और दिल्ली युवा कांग्रेस की प्रभारी खुशबू शर्मा ने इस रोजगार मेले का पोस्टर भी जारी किया। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने का वादा किया गया था, लेकिन खुद सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि देश में पिछले 40-50 सालों में बेरोजगारी अब सबसे अधिक है। बेरोजगारी के मुद्दे को सबसे अधिक प्रमुखता से राहुल गांधी ने सड़क से लेकर संसद तक लगातार उठाया है और वे भारत के बेरोजगार युवाओं की मुखर आवाज बने हैं।

### डॉक्टरों ने किया कमाल

## 30 मिनट में निकाली 8 सेमी लंबी स्पून, दूसरे दिन दी छुट्टी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



शालीमार बाग स्थित निजी अस्पताल में एक 30-वर्षीय पुरुष की दुर्लभ और असामान्य मेडिकल इमरजेंसी की गई। डॉ. रमेश गर्ग, सीनियर डायरेक्टर एवं एचओडी, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी के डॉक्टरों की टीम ने गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंडोस्कोपी प्रक्रिया को 30 मिनट में किया गया और मरीज को अगले ही दिन स्थिर हालत में अस्पताल से छुट्टी दी गई। उनके पेट के एक्स-रे समेत तत्काल डायग्नॉस्टिक इमेजिंग की गई, जिससे पता चला कि उनकी आंत के ऊपरी हिस्से में एक धातु का चम्मच फंसा हुआ था। मरीज की एनेस्थीसिया में तत्काल इमरजेंसी अपर गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंडोस्कोपी की गई। सर्जिकल टीम ने फोरसेप की मदद से सावधानीपूर्वक मरीज के पेट से चम्मच निकाला। इस सर्जरी के बाद उन्हें 24 घंटे तक निगरानी में रखा गया। वे पूरी तरह स्थिर थे और उन्हें बिना किसी जटिलता के हेल्दी कंडीशन में डिस्चार्ज किया गया।

### ईडी ने ऐश्वर्या गौड़ा 'धोखाधड़ी' मामले में डीके सुरेश को समन भेजा

**बेंगलुरु (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के छोटे भाई और कांग्रेस नेता डी के सुरेश को एक स्थानीय महिला के खिलाफ धन शोधन की जांच से जुड़े कथित धोखाधड़ी मामले में पूछताछ के लिए समन भेजा है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पूर्व सांसद सुरेश को 19 जून को पेश होने और धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। संघीय जांच एजेंसी ने स्थानीय महिला ऐश्वर्या गौड़ा (33) और कांग्रेस विधायक विनय कुलकर्णी के खिलाफ छापे मारने के बाद अप्रैल में महिला को गिरफ्तार किया था।

## भारत दुनिया का महत्वाकांक्षी राष्ट्र, भाषाओं के आधार पर विभाजन बर्दाश्त नहीं करेगा

### धनखड़ ने देश के भविष्य की भलाई पर विचार करने को कहा

एजेंसी ▶▶ पुडुचेरी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि भारत दुनिया का एक महत्वाकांक्षी राष्ट्र है और वह भाषा के मुद्दे पर विभाजन बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने लोगों से देश के भविष्य की भलाई पर विचार करने और 'इस तूफान से उबारने' की अपील की। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को अक्षरशः लागू करने की जोरदार वकालत करते हुए कहा कि यह शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी, जिससे देश के विकास को गति मिलेगी। धनखड़ पांडिचेरी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं। उन्होंने अफसोस जताया कि भाषाओं को लेकर विरोध हो रहा है।

#### भाषाओं में भारत सबसे समृद्ध



उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी देश भाषाओं के मामले में भारत जितना समृद्ध नहीं है। संस्कृत का वैश्विक महत्व है और तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम, ओडिया, मराठी, पाली, प्राकृत, बंगाली और असमिया के साथ 11 शास्त्रीय भाषाएं हैं। संसद में सदस्यों को 22 भाषाओं में बोलने की अनुमति है। हमारी भाषाएं समावेशिता का संकेत देती हैं।

#### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 'महत्वपूर्ण बदलाव' लाएगी

उन्होंने कहा कि हमारे गंतव्य को देखें, भविष्य को ध्यान में रखें और हमें तूफान से उबरना चाहिए। एनईपी पर, उपराष्ट्रपति ने इसे नहीं लागू करने वाले राज्यों से कहा कि वे नीति को लागू करें क्योंकि यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 'महत्वपूर्ण बदलाव' लाएगी।




## चिंतन

# धीरे-धीरे पाक की जुबां पर आ रहा 'ऑपरेशन सिंदूर' का दर्द

धीरे-धीरे ही सही, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पड़ी मार का दर्द पाकिस्तान की जुबां पर आ रहा है। हालांकि शुरुआत में पाक ने भारत के हमले में एक खरोंच तक नहीं आने की बात कही थी। यहां तक कि पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी पाक संसद में तरह-तरह की डींगें हांक रहे थे कि पाक सेना ने ये किया, वो किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान आवाम की आंखों में धूल झोंकने के लिए शहबाज शरीफ सरकार ने वहां के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को देश के सर्वोच्च सैन्य पद फील्ड मार्शल के पद पर भी पदोन्नत कर दिया, लेकिन अब पाकिस्तानियों का दर्द बाहर आ रहा है। भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैलाने में माहिर रहे नजम सेठी ने ही टीवी पर सच कबूला है। नजम सेठी ने कहा है कि इजरायल ने ईरान पर उसी तरह से हमला किया है, जैसा हमला भारत ने पाकिस्तान पर किया था और जैसा ड्रोन हमला यूक्रेन ने रूस के अंदर घुसकर किया था। नजम सेठी ने कहा कि ये जो सारा ड्रोन का चक्कर है ना, उस पर वेस्टर्न मिलिट्री एक्सपर्ट बहुत दिलचस्प बातें कर रहे हैं। इजरायल ने जो ड्रोन का इस्तेमाल किया है, उसका स्टाइल वही है, जैसा भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ किया था। अब इजरायली सेना ने ईरान के अंदर से ड्रोन लॉन्च किए हैं, जिसमें डिफेंस सिस्टम को बेअसर कर दिया है, ये सारा एक ही पैटर्न है कि रडार को जाम कर दो, उसे अंधा कर दो और फिर बेअसर कर दो। ये वही नजम सेठी हैं जो हर दिन भारत के खिलाफ जहर उगलते हैं, लेकिन अब कबूल कर रहे हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भरतीय सेना ने पाकिस्तान के डिफेंस सिस्टम को पूरी तरह से तबाह कर दिया था, जिसके बाद पाक सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समक्ष भारत से बचाने की गुहार लगा रही थी। असल में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर एक्शन लिया था। इसका मकसद केवल और केवल आतंकवाद की कमर तोड़ना था, लेकिन पाकिस्तान ने एक बार फिर नापाक हरकत करते हुए भारत के सैन्य ठिकानों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर इसे दो देशों के बीच संघर्ष में बदलने का प्रयास किया। इसके बाद पाकिस्तान के रणनीतिक ठिकानों पर भारत का घातक हमला निर्णायक साबित हुआ। भारत ने सैन्य कार्रवाई के दौरान रणनीतिक रूप से पाकिस्तान की 20 प्रतिशत सैन्य क्षमता को तबाह करके कड़ा सबक सिखाया। भारत ने दुनिया को दिखाया है कि वह स्वदेशी तकनीक से नेटवर्क सेंट्रिक वारफेयर को अंजाम दे सकता और जीत सकता है। भारत ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को नकारा बनाकर मनचाही जगहों पर सफलता के साथ हमले किए और प्रमुख रणनीतिक ठिकानों और संपत्तियों को तबाह कर दिया। संदेश साफ है कि हमारे पास पाकिस्तान को तबाह करने की सैन्य क्षमता और आधुनिक तकनीक है। अगर जरूरत पड़ेगी तो भारत इस क्षमता का इस्तेमाल करेगा। भारत ने पाक को अपनी ताकत का अहसास करवाने के बाद संघर्ष को एक तय सीमा पर सीमित करके समझदारी भी दिखाई। भारत ने पाक को साफ संदेश दिया है कि उसे आतंकी हमलों की कीमत इस हद तक चुकानी होगी, जो उसके लिए वहनीय नहीं होगी। संदेश दुनिया के लिए भी है कि अब भारत आतंकी हमलों पर साक्ष्यों के साथ समझाने का प्रयास नहीं करेगा बल्कि खुद आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करेगा। इस ऑपरेशन से न केवल पाकिस्तान बल्कि पूरी दुनिया ने देख लिया कि नया भारत अपने फैसले खुद करेगा।

# अमेरिका संग व्यापार को मिलेगी ऊंचाई



आर्थिकी
डा. जयंतीलाल भंडारी

भारत का अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता शीघ्र ही संभावित है और इससे भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाई मिलेगी। अमेरिका की व्यापक शुल्क नीति पर अमेरिका की संघीय अपील अदालत द्वारा ट्रंप के अनुकूल फैसला दिया गया है। इस फैसले से अमेरिका अन्य देशों के खिलाफ खुद को बचाने के लिए शुल्क का उपयोग कर सकता है। भारत के द्वारा अमेरिका के साथ इसी जून माह में संभावित मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के बीच 2030 तक 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय कारोबार के लक्ष्य के मद्देनजर मील का पत्थर साबित होगा। इससे देश से निर्यात बढ़ेंगे और बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसरों का निर्माण होगा।

इन दिनों भारत-अमेरिका उद्योग-कारोबार के संबंध में प्रकाशित हो रही वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत का अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता शीघ्र ही संभावित है और इससे भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाई मिलेगी। उल्लेखनीय है कि इस समय भारत और अमेरिका के बीच अतंरिम कारोबार समझौते के अंतिम दौर की वार्ता इसी माह जून तक पूर्ण किया जाना ट्रंप के बार-बार बदलते टैरिफ रुख के साथ-साथ दो अन्य कारणों से भी भारत के हित में है। कुछ दिनों पहले तक चीन पर भारी टैरिफ लगाने वाले ट्रंप ने अब अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध रोककर कारोबारी संबंधों को वापस पटरी पर लाने और दुर्लभ खनिजों पर चीन के निर्यात प्रतिबंधों को हटाने के लिए 11 जून को चीन के साथ करार किया है। इसके तहत जहां चीन अमेरिका को मैग्नेट और दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति करेगा, वहीं अमेरिका अपने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में चीनी छात्रों को पढ़ने की अनुमति देगा। इसी तरह अमेरिका की व्यापक शुल्क नीति पर अमेरिका की संघीय अपील अदालत द्वारा ट्रंप के अनुकूल फैसला दिया गया है। इस फैसले से अमेरिका अन्य देशों के खिलाफ खुद को बचाने के लिए शुल्क का उपयोग कर सकता है। अतएव ऐसे परिदृश्य में भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते से ट्रंप के व्यापार यूटर्न पर रोक लग सकेगी। गौरतलब है कि हाल ही में अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लटनिक ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच आंतरिक व्यापार समझौता इसी जून महीने में पूरा होते हुए दिखाई दे सकेगा। इस तरह के समझौते को पूर्ण होने में दो या तीन साल लग जाते थे।

विगत 29 मई को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मैनहटन की अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत के द्वारा विभिन्न देशों के विरुद्ध अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क सहित अन्य विभिन्न शुल्कों को अवैध ठहराए जाने के बीच अमेरिका के साथ भारत की व्यापार वार्ता सही दिशा में आगे बढ़ती रहेगी। वस्तुतः इस समय भारत-अमेरिका कारोबार के बढ़ने के बारे में तीन बातें रेखांकित हो रही हैं। एक, भारत और अमेरिका के बीच 25 जून 2025 तक अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा हो सकती है। दो, भारत सरकार अपनी सरकारी खरीद बाजार का एक हिस्सा विदेशी कंपनियों के लिए खोलने जा रही है तथा इसमें अमेरिका की कंपनियां भी शामिल होंगी। भारत सरकार के खरीद अनुबंधों का केवल एक हिस्सा विदेशी कंपनियों के लिए खोला जाएगा। यह हिस्सा मुख्य रूप से केवल केंद्र सरकार की परियोजनाओं से जुड़ा होगा। तीन, अमेरिकी कंपनियों के लिए भारत लाभ का बाजार बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के द्वारा आईफोन निर्माता कंपनी एप्पल के सीईओ टिम कुक को अमेरिका में बिकने वाले आईफोन भारत में बनाए जाने पर अमेरिका में 25 फीसदी टैरिफ लगाए जाने की कड़ी चेतावनी के बाद भी एप्पल ने भारत में आईफोन विस्तार जारी रखने का संकेत दिया है।

गौरतलब है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वॉशिंगटन में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हार्वर्ड लटनिक के साथ दोनों देशों के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण की वार्ता की प्रगति की



समीक्षा की और कहा कि पारस्परिक लाभ (रेसिप्रोकल) सुनिश्चित करने के लिए वस्तुओं में अंतरिम व्यापार व्यवस्था को आकार दिए जाने की संभावना है। अमेरिका ने विगत 2 अप्रैल को भारतीय सामान पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था, लेकिन इसे 9 जुलाई तक यानी कुल 90 दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया था। ऐसे में 8 जुलाई के पहले अमेरिका के साथ किया जाने वाला अंतरिम व्यापारिक समझौता टैरिफ विवादों को सुलझाने और दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है। इस संभावित अंतरिम व्यापार समझौते के बारे में जो तस्वीर उभरकर दिखाई दे रही है, इसके तहत अमेरिका के बाजार में भारतीय वस्तुओं पर लगने वाले शुल्क को शून्य करवाने के लिए भारत भी अमेरिका की कई वस्तुओं पर शुल्क में राहत दे सकता है। अमेरिका भारत के बाजार में कृषि उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, लेकिन भारत सिर्फ गैर जेनिटिकली मोडिफायड (जीएम) कृषि उत्पादों को ही अपने बाजार में आने की अनुमति देगा। डेयरी जैसे संवेदनशील उत्पादों को भी शुल्क समझौते में शामिल करने की उम्मीद नहीं है। भारत अमेरिका से सभी रोजगारपरक सेक्टर में शून्य शुल्क या अति कम शुल्क चाहता है ताकि इन सेक्टर का अमेरिका में होने वाला निर्यात बढ़े जिससे भारत में मैन्युफैक्चरिंग व रोजगार बढ़ोतरी में मदद मिलेगी। दूसरी तरफ, अमेरिका इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ, वाइन, एथनाल, कई औद्योगिक आइटम व कुछ खाद्य आइटम के शुल्क में छूट चाहता है। इसके साथ अमेरिका भारत के गुणवत्ता नियंत्रण नियम में भी छूट चाहता है। पिछले दिनों अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने भी वाशिंगटन में एक बैठक में कहा कि पूरी दुनिया में भारत एक ऐसे पहले देश के रूप में सामने है, जिसके साथ अमेरिका का द्विपक्षीय-कारोबार समझौता (बीटीए) प्रारंभिक आकार लेने के करीब है। भारत-अमेरिका के बीच बीटीए को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित किया गया है।

गौरतलब है कि विगत 13 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप एक हाथ से देने और दूसरे हाथ से लेने में अच्छी तरह से कामयाब दिखाई दिए। दोनों देशों ने अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने, व्यापार पर गतिरोध के बीच टैरिफ को कम करने, अधिक अमेरिकी तेल, गैस और लड़ाकू विमानों की खरीदी के बारे में बात करने और रियायतों पर भी सहमति व्यक्त की। दोनो देशों ने द्विपक्षीय समझौते के तहत भारत और अमेरिका के बीच वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार के लिए 500 अरब डालर का लक्ष्य निर्धारित किया। साथ ही भारत और अमेरिका भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के निर्माण के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। निश्चित रूप से ट्रंप के द्विपक्षीय व्यापार संबंधी कुछ अपरिपक्व बयानों के बाद भी अब इसी जून माह में अमेरिका के साथ शीघ्र ही भारत के अंतरिम व्यापार समझौते और फिर दिसंबर 2025 तक बीटीए से भारत अमेरिका कारोबार तेजी से बढ़ते हुए दिखाई देगा। हाल ही में प्रकाशित विदेश व्यापार के नए आंकडों के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका लगातार चौथी बार भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। साथ ही दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब डॉलर पर पहुंच गया। हम उम्मीद करें कि भारत के द्वारा अमेरिका के साथ इसी जून माह में संभावित मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के बीच 2030 तक 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय कारोबार के लक्ष्य के मद्देनजर मील का पत्थर साबित होगा। इससे देश से निर्यात बढ़ेंगे और बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसरों का निर्माण होगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

मुरारी गुप्ता



# भारतीय स्वाधीनता के इतिहास का स्तंभ है हल्दीघाटी का युद्ध

हल्दीघाटी का युद्ध भारतीय इतिहास में केवल एक सैन्य संघर्ष नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए लड़ा गया गौरवपूर्ण अध्याय है। 18 जून 1576 को राजस्थान की वीरभूमि पर लड़ा गया यह युद्ध, मेवाड़ नरेश महाराणा प्रताप और मुगल सम्राट अकबर की सेना के बीच हुआ था। यद्यपि यह युद्ध केवल पांच घंटे चला, लेकिन इसके प्रभाव और ऐतिहासिक महत्व का विस्तार सदियों तक हुआ। वामपंथी इतिहासकारों और मुगल-प्रशंसकों द्वारा अकबर की विजय का नैरेटिव गढ़ा गया, किंतु ऐतिहासिक स्रोतों, प्रशस्तियों, शिलालेखों और समकालीन लेखकों की साक्ष्यात्मक गवाही इस बात की पुष्टि करती है कि इस युद्ध में महाराणा प्रताप विजयी रहे और मुगलों को गहरी रणनीतिक हार का सामना करना पड़ा। महाराणा प्रताप के सिंहासन संभालने के समय अकबर समूचे भारत को मुगल साम्राज्य की छाया में लाना चाहता था। राजस्थान के अधिकतर राजा मुगलों की अधीनता स्वीकार कर चुके थे, किंतु मेवाड़ अकबर के इस इस्लामी साम्राज्यवाद के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा था। प्रताप के पिता महाराणा उदयसिंह पहले ही अकबर की अधीनता अस्वीकार कर चुके थे। प्रताप ने अपने पूर्वजों की परंपरा का निर्वहन करते हुए स्वतंत्रता के मार्ग को चुना। अकबर ने चार बार समझौते के दूत भेजे लेकिन प्रताप ने हर बार संधि की शर्तों को ठुकरा दिया, क्योंकि उनमें दरबार में हाजिरी, कर चुकाना और मेवाड़ की स्त्रियों के साथ वैवाहिक संबंध शामिल थे। 18 जून 1576 को हल्दी घाटी में घमासान युद्ध प्रारंभ हुआ। यह युद्ध तीन चरणों में लड़ा गया। पहले चरण में महाराणा प्रताप की सेना ने मुगल सेना के अग्रभाग पर भीषण हमला कर उसे पीछे हटने पर विवश किया। हमीद खां और रघुनाथदास की अगुआई में मुगल पक्ष असहज होकर बनास नदी के पार तक भाग गया। दूसरे चरण में मुगलों की राजपूत टुकड़ियों को प्रताप की सेना ने पीछे हटने को मजबूर कर दिया। मुगलों के लिए सबसे बड़ा झटका तीसरे और अंतिम चरण में तब लगा जब प्रताप के सेनापति झाला मान सिंह ने स्वयं को प्रताप समझकर उनकी रक्षा करते हुए वीरगति पाई। प्रताप घायल हुए लेकिन चेतक ने उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। बदायूंनी जैसे समकालीन मुस्लिम इतिहासकार लिखते हैं कि मुगल सेना न केवल युद्धभूमि से भागी, बल्कि वे प्रताप का पीछा करने का साहस भी नहीं कर सके क्योंकि उन्हें आशंका थी कि पहाड़ों में महाराणा घात लगाकर हमला करेंगे। हल्दीघाटी युद्ध के बाद महाराणा प्रताप ने मेवाड़ के गोगुंदा क्षेत्र को पुनः प्राप्त कर लिया। ऐतिहासिक शिलालेख और प्रशस्तियां जैसे रणछोड़ राय मंदिर प्रशस्ति, वैद्यनाथ मंदिर प्रशस्ति, और ओड़ा गांव का ताम्रपत्र इस बात का प्रमाण हैं कि प्रताप ने युद्ध के बाद न केवल मुगलों को पराजित किया बल्कि अपनी संप्रभुता पुनः स्थापित की। रणछोड़ राय प्रशस्ति में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि महाराणा ने रणभूमि में मान सिंह के साथ युद्ध कर उसे पराजित किया।

इतिहास में किसी भी युद्ध की विजय के तीन मानक होते हैं : पहला, विजेता शत्रु की भूमि और संपदा पर अधिकार कर ले, दूसरा शत्रु राजा की मृत्यु हो जाए या वह आत्मसमर्पण कर दे। और तीसरा पराजित राज्य विजेता का करदाता बन जाए। लेकिन हल्दीघाटी युद्ध के परिप्रेक्ष्य में देखें तो अकबर की सेना मेवाड़ की राजधानी गोगुंदा तक पहुंचने के बाद भी पूरे क्षेत्र पर अधिकार नहीं कर सकी। महाराणा प्रताप सुरक्षित रहे और उनका राज्य कायम रहा। वामपंथी इतिहासकारों ने हमेशा मुगलों को "सांस्कृतिक समन्वयक" और अकबर को "सद्भावना का प्रतीक" बताकर प्रस्तुत किया। जबकि तथ्य यह सिद्ध करते हैं कि अकबर के साम्राज्यवाद और धर्मांतरणवादी नीति के विरुद्ध प्रताप ने संघर्ष किया और भारतीय स्वाभिमान की रक्षा की। ऐसे में अकबर की विजय का नैरेटिव न केवल ऐतिहासिक रूप से झूठा है, बल्कि यह राष्ट्र की चेतना को विकृत करने का प्रयास भी है। हल्दीघाटी का युद्ध केवल एक वीरता की गाथा नहीं, बल्कि यह भारतीय स्वाधीनता के इतिहास का स्तंभ है। यह युद्ध भारतीय मानस में यह विश्वास स्थापित करता है कि विदेशी साम्राज्य कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों, यदि स्वदेश प्रेम और स्वाभिमान जीवित है, तो पराजय असंभव है। महाराणा प्रताप की जीत केवल एक युद्ध में नहीं थी, बल्कि यह उस विचारधारा की जीत थी, जो स्वतंत्रता, आत्मगौरव और धर्म की रक्षा के लिए अंत तक संघर्ष करती है। आज आवश्यकता है कि हम वामपंथी नैरेटिव से बाहर निकलकर इतिहास के सत्य को स्वीकार करें और प्रताप के बलिदान को राष्ट्र के गौरव का प्रतीक मानें।

(लेखक उपन्यासकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मौन रहना बहुत जरूरी, इससे शुद्ध होती वाणी



संकलित
## दर्शन

मौन रहना बहुत उपयोगी है। इससे हमारी वाणी शुद्ध होती है। गहन मौन रचनात्मकता की जननी है। जो व्यक्ति बहुत व्यस्त, चिंतित, अति महत्त्वाकांक्षी या सुस्त है, उससे कोई रचनात्मकता नहीं निकल सकती। हमें अपनी दिनचर्या में मौन रखने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन बहुत अधिक बोलने की भी आवश्यकता नहीं है। यदि आप कुछ समय मौन रखेंगे, तो आप बोलने से पहले सोचेंगे। यदि आप बोलते रहेंगे, तो आप स्वयं नहीं समझ पाएंगे कि आप क्या बोल रहे हैं। क्या आपने कभी देखा है कि आपकी वाणी का दूसरों पर क्या प्रभाव पड़ता है? अकसर हम इस पर ध्यान नहीं देते, हम बड़बड़ाते रहते हैं। हम बस इतना कहना चाहते हैं कि जो हम कहना चाहते हैं, वह कह दें और मुक्त हो जाएं। नहीं, आपको यह देखना चाहिए कि आपकी वाणी का दूसरों पर क्या प्रभाव पड़ता है। भगवद्गीता में एक सुंदर दोहा है, जिसमें कहा गया है, जो शब्द लोगों के मन को विचलित नहीं करते और जो सत्य हैं, सत्य जो कल्याणकारी है और जो सुखद है, ऐसे शब्द बोलने चाहिए। इसे वाणी का तप कहा जाता है। वाणी के लिए तपस (तपस्या) केवल वही शब्द बोलना है जो दूसरों के मन को झकझोर न दें। किसी के मन को विचलित न करें या उन्हें दुख न पहुंचाएं। इसलिए ऐसे शब्द बोलें जो सुखद, सच्चे और परोपकारी हों, लेकिन सुनिश्चित करें कि आप मनभावन झूठ न बोलें। अपने अप्रिय शब्दों से दूसरों के मन और दिल को न कुचलें।

# दूसरों के जलाए दीपक का कोई मूल्य नहीं होता



संकलित
## प्रेरणा

एक साधु के आश्रम में एक युवक बहुत समय से रहता था। फिर ऐसा संयोग आया कि युवक को आश्रम से विदा होना पड़ा। रात्रि का समय है, बाहर घना अंधेरा है। युवक ने कहा, रोशनी की कुछ व्यवस्था करने की कृपा करें। उस साधु ने एक दीया जलाया, उस युवक के हाथ में दीया दिया और उसे सीढ़ियां उतारने के लिए खुद उसके साथ हो लिया और जब वह सीढ़ियां पार कर चुका और आश्रम का द्वार भी पार कर चुका, तो उस साधु ने कहा, अब मैं अलग हो जाऊं, क्योंकि इस जीवन के रास्ते पर बहुत दूर तक कोई किसी का साथ नहीं दे सकता है और अच्छा है कि मैं इसके पहले इससे विदा हो जाऊं कि तुम मेरे साथ के आदी हो जाओ। इतना कहकर उस घनी रात में, उसने उसके हाथ के दीये को फूंक मार कर बुझा दिया।

वह युवक बोला, यह क्या पागलपन हुआ? अभी तो आश्रम के हम बाहर भी नहीं निकल पाए, साथ भी छोड़ दिया और दीया भी बुझा दिया। उस साधु ने कहा, दूसरों के जलाए हुए दीयों का कोई मूल्य नहीं है। अपनी दीया हो तो अंधेरे में काम देता है, किसी दूसरे के दीये काम नहीं देते हैं। खुद के भीतर से प्रकाश निकले तो रास्ता प्रकाशित होता है और किसी तरह रास्ता प्रकाशित नहीं होता है। तो मैं निरंतर सोचता हूं, लोग सोचते होंगे कि मैं आपके हाथ में कोई दीया दे दूंगा, जिससे आपका रास्ता प्रकाशित हो जाए, तो आप गलती में हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### प्राइवेट सिस्टम : आम आदमी की जेब पर हमला

भारत एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस, हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। - **मनीष**

## ट्रेंड

### 'राहुल गांधी' की जरूरत



यह आरोप लगाने के लिए एक 'राहुल गांधी' की जरूरत है कि ईद पर एक हिंदू हनुमान मंदिर में गोमांस फेंकने में सक्षम है (इसके बावजूद कि मुस्लिम समुदाय ने स्वीकार किया है कि उनके कुछ गुमराह तत्वों ने ऐसा किया है)।
**-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### विकास का स्वर्णिम अध्याय



गुरुग्राम के मानेसर में भारत के सबसे बड़े गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल का उद्घाटन हम सभी के लिए हर्ष और गौरव का विषय है! हरियाणा की इस अग्रणी परियोजना से विकास का स्वर्णिम अध्याय आरम्भ होगा। इससे औद्योगिक मालवहन को नई गति और सुविधा प्राप्त होगी।
**-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### जनता देगी जवाब



भाजपा ने केन्द्र में अपने 11 वर्षों के कार्यकाल के बारे में जो अपार उपलब्धियाँ वर्णित की हैं वे देशहित में कितनी लाभदायक रही हैं, सही समय आने पर जनता खुद उनका जवाब दे देगी।
**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### प्रौद्योगिकी का मार्च अजेय



5 साल में 80 फीसदी कंटेंट एआई द्वारा तैयार और डिलीवर किया जाएगा, चाहे वह फिल्म, टीवी, या कोई अन्य वैरिएशन हो। प्रौद्योगिकी का मार्च अजेय है। जो बचेगा वह है कहानी सुनाना और कहानी सुनाने वाले।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर


# पुतिन और शी जिनपिंग बनेंगे इजरायल-ईरान जंग में शांतिदूत



इजरायल और ईरान की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर रूसी राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि बीते कुछ दिनों से राष्ट्रपति पुतिन ने कई वैश्विक नेताओं से फोन पर महत्वपूर्ण बातचीत की है। पुतिन ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से लेकर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात की। पेस्कोव ने कहा कि रूस जरूरत पड़ने पर मध्यस्थता करने के लिए भी तैयार है ताकि मौजूदा स्थिति को सुलझाया जा सके और मिडिल ईस्ट में शांति बहाली की कोशिश की जा सके। उन्होंने कहा कि हमारे सभी विभाग मौजूदा स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए हैं। हमने नेतन्याहू का बयान सुना और पढ़ा है। क्षेत्र में इस तरह की खतरनाक स्थिति पैदा करने वाली गतिविधियों की हम पुरजोर निंदा करते हैं। वहीं, सिर्फ रूस ही नहीं चीन ने भी इजरायल और ईरान जंग में मध्यस्थता की इच्छा जताई है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि उन्होंने इजरायल और ईरान दोनों से बातचीत के जरिए अपने मतभेदों को सुलझाने का अनुरोध किया था। मौजूदा ईरान-इजरायल संघर्ष को सुलझाने में चीन अपनी भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने कहा कि चीन हमेशा से राजनीतिक और डिप्लोमैटिक माध्यमों के जरिए ईरान के परमाणु मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान की वकालत करता है।

## ऑफ बीट

# सीतामढ़ी आश्रम, जहां रहीं सीताजी और लव-कुश ने लिया जन्म



सीताबाड़ी राजस्थान के बारां से लगभग 45 किलोमीटर दूर स्थित एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है, जिसका संबंध सीता माता से जुड़ा है। सीता माता को एक आदर्श पत्नी के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने कभी अपने सतीत्व को भंग नहीं किया। रावण की कैद में रहने के बाद भी वह सदैव पतिव्रता नारी रहीं। सीताबाड़ी मंदिर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में से एक माना जाता है। इसका हिंदुओं के लिए धार्मिक और ऐतिहासिक महत्त्व है। सीताबाड़ी को वो पवित्र जगह माना जाता है, जहां भगवान श्री राम ने अपनी पत्नी को समाज से निकालने के बाद रहने की शरण दी थी। कहा जाता है जब भगवान राम ने सीता का त्याग कर दिया था, तब माता सीता अपने निर्वासन के बाद यहीं ठहरी थी, यहां महर्षि वाल्मीकि का आश्रम था और इसी आश्रम में माता सीता ने अपने दोनों पुत्र लव और कुश को जन्म दिया था, महर्षि वाल्मीकि ने लव-कुश को यहीं शिक्षा-दीक्षा दी और उन्हें धनुर्विद्या में पारंगत किया। श्रीराम की सेना और लव-कुश के बीच युद्ध भी यहीं हुआ माना जाता है, जिसमें लव-कुश ने विजय प्राप्त की थी। मंदिर में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की बहुत ही सुंदर मूर्तियां विराजित हैं। यहां भक्त दूर-दूर से माता सीता और भगवान राम के दर्शन करने आते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# बुमराह सटीक गेंदबाजी करने के मामले में मैकग्रा के समान : ब्रॉड



एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बल्लेबाजों को चकमा देने की क्षमता और गेंदबाजी में उनका बेहतरीन संतुलन उन्हें ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ग्लेन मैकग्रा के समक्ष खड़ा करती है तथा इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी रहेगी।

ब्रॉड ने विश्व क्रिकेट में सबसे संतुलित गेंदबाजी रन अप के मामले में बुमराह की तुलना ऑस्ट्रेलिया के महान तेज गेंदबाज मैकग्रा से की। ब्रॉड ने पॉडकास्ट 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' में कहा, ''वह (बुमराह) जब गेंद करने के लिए दौड़ते हैं तो आप सोचते हैं कि यह 70 मील प्रति घंटे की रफ्तार होगी लेकिन वह आपको 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद करते हैं जिससे आप सही अनुमान नहीं लगा पाते हैं।''




### शोएब की भी गेंदों में रफ्तार थी

ब्रॉड जोस बटलर के साथ इस पॉडकास्ट में कहा, '' जब मैंने शोएब अख्तर का सामना किया, तो वह सौ मील प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ते थे और सौ मील प्रति घंटे की रफ्तार से ही गेंदबाजी करते थे।''

### बुमराह का रनअप बेहद संतुलित

टेस्ट क्रिकेट में 604 विकेट लेने के बाद 2023 में संन्यास की घोषणा करने ब्रॉड ने कहा, ''बुमराह का रन अप बेहद संतुलित है और वह कभी इस बिगड़ने नहीं देते। मैंने जिन गेंदबाजों को देखा है उनमें ग्लेन मैकग्रा का रन अप बेहद संतुलित था। बुमराह भी उन्हीं की तरह हैं।''

### सभी मैच खेले तो ढेर सारे विकेट लेंगे

बुमराह के श्रृंखला के सभी पांच टेस्ट मैचों में खेलने की उम्मीद नहीं है, जिसकी पुष्टि भारतीय चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कार्यभार प्रबंधन के तहत की है। ब्रॉड ने कहा कि अगर बुमराह शुक्रवार से लीड्स में शुरू होने वाली श्रृंखला के सभी पांच मैचों में खेलते हैं तो वह ढेर सारे विकेट लेंगे।

### बुमराह सभी मैच खेले इंग्लैंड नहीं चाहेगा

ब्रॉड ने कहा, ''निश्चित रूप से उन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। इंग्लैंड कभी नहीं चाहेगा कि वह सभी पांच टेस्ट मैच में खेले। अगर ऐसा होता है तो वह ढेर सारे विकेट लेगा। ऑस्ट्रेलिया में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था।''बटलर ने कहा कि इंग्लैंड दौरे पर आई भारतीय टीम में बुमराह से बड़ा कोई सुपरस्टार नहीं है।

### टीम में बुमरहा से बड़ा कोई स्टार

ब्रॉड ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि भारत की इस टीम में जसप्रीत बुमराह से बड़ा कोई स्टार है। उनका रन-अप अनोखा है, उनका एक्शन अनोखा है। वह किसी अन्य गेंदबाज की तुलना में बल्लेबाज के करीब एक फुट या उससे भी थोड़ा ज़्यादा नज़दीक से गेंद फेंकते हैं, इसलिए गेंद उनकी वास्तविक गति से भी ज़्यादा तेज़ लगती है।''

## खबर संक्षेप



### हम काफी अनुभवहीन थे और फिर भी जीत हासिल की : रबाडा

**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने कहा है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब जीतना इसलिए और भी यादगार हो गया क्योंकि उनकी टीम 'काफी अनुभवहीन' थी और फिर भी उसने दिग्गजों से भरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। कप्तान तेम्बा बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी ट्रॉफी के लिए 27 साल के सूखे को समाप्त किया। रबाडा ने इस मैच में नौ विकेट लिए। रबाडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, ''हम काफी अनुभवहीन टीम हैं जिसने लगभग एक साल पहले साथ खेलना शुरू किया, हम लंबे समय से एक-दूसरे के साथ नहीं हैं। इसके बावजूद हमने यह हासिल किया है। मैं इसे अपने जीवन में कभी नहीं भूलूंगा, कोई भी खिलाड़ी इसे नहीं भूलेगा।''

### सबालेंका ने टिप्पणी के लिए गॉफ से माफी मांगी



**बर्लिन।** एरिना सबालेंका ने कहा कि उन्होंने कोको गॉफ को पत्र लिखकर फ्रेंच ओपन के फाइनल में अपनी अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी से हारने के बाद की गई 'गैर पेशेवर' टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है। यूरोस्पोर्ट जर्मनी से बात करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने कहा कि इस महीने रोलां गैरो पर उनके खिलाफ गॉफ की 6-7, 6-2, 6-4 की जीत के बाद उनकी टिप्पणी एक गलती थी। पेरिस में मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में सबालेंका ने सुझाव दिया था कि यह परिणाम गॉफ के प्रदर्शन की तुलना में उनकी अपनी गलतियों के कारण अधिक था। सबालेंका ने कहा, ''यह मेरे लिए पूरी तरह से गैर पेशेवर था।''उन्होंने कहा, मैंने अपनी भावनाओं को खुद पर हावी होने दिया।

### इंटर काशी ने खेल पंचाट में अपील जीती

**नई दिल्ली।** इंटर काशी ने मंगलवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के खिलाफ खेल पंचाट (कैस) में अपनी पहली अपील जीत ली। वाराणसी की इस टीम के इस साल की शुरुआत में हुए आईलीग मैच के लिए तीन अंक काट लिए गए थे। खेल पंचाट के फैसले के बावजूद इंटर काशी को अभी आईलीग का खिताब नहीं मिलेगा। एआईएफएफ की अपील समिति ने 18 अप्रैल को नामधारी एफसी के खिलाफ मैच से संबंधित एक मामले में इंटर काशी के खिलाफ फैसला सुनाया था और राष्ट्रीय महासंघ की अनुशासन समिति द्वारा दिए गए फैसले को खारिज कर दिया गया था। इंटर काशी ने नामधारी एफसी पर 13 जनवरी को हुए मैच में 'अयोग्य खिलाड़ी' को मैदान में उतारने का आरोप लगाया था।

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार से हेडिंग्ले में

# आईसीसी चार दिवसीय टेस्ट के लिए तैयार, भारत ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड पांच दिनी मैच ही खेलेंगे

एजेंसी ▶▶| लंदन

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2027-29 के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है, लेकिन भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तब भी परंपरागत रूप से चले आ रहे पांच दिवसीय मैच खेल सकते हैं। यहां एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इससे छोटे देशों को अधिक टेस्ट और लंबी अवधि की श्रृंखलाएं खेलने में मदद मिलेगी।

### शाह ने भी दिया समर्थन

'द गार्डियन' समाचार पत्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है, ''पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान चर्चा में आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 के डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था।''

### इंग्लैंड-भारत टेस्ट शुक्रवार से

इसमें कहा गया है, ''इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच दिवसीय मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने की अनुमति होगी। एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच के साथ होगी।'



### इंग्लैंड ने आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय मैच खेले थे

आईसीसी ने पहली बार 2017 में द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए चार दिवसीय टेस्ट को मंजूरी दी थी। इंग्लैंड ने 2019 और 2023 में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट के बाद पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी चार दिवसीय टेस्ट मैच खेला था।



### छोटे देश मेजबानी में दिलचस्पी नहीं लेते

रिपोर्ट के अनुसार, ''कई छोटे देश समय और लागत के कारण टेस्ट मैचों की मेजबानी करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, लेकिन चार दिवसीय टेस्ट मैच शुरू होने से तीन टेस्ट मैचों की पूरी श्रृंखला तीन सप्ताह से भी कम समय में खेली जा सकेगी।''

**प्रतिदिन न्यूनतम 98 ओवर करने होंगे**

इसमें कहा गया है, ''समय को बर्बाद करने से बचने के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों में खेल के समय को 90 ओवर प्रतिदिन से बढ़ाकर न्यूनतम 98 ओवर कर दिया गया है।''

### अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने बदलाव की जरूरत महसूस कराई

रिपोर्ट में कहा गया है, ''पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने इस मुद्दे को और उजागर किया और इसके बाद बदलाव की जरूरत महसूस की गई।'' हालांकि 2025-27 की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप पांच दिवसीय मैचों के मौजूदा प्रारूप के तहत ही खेली जाएगी।

## आईसीसी

# मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर




एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गयीं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने ताजा अपडेट में 19 रेटिंग अंक गंवाये जिसका फायदा भारतीय बल्लेबाज को मिला। मंधाना के कुल 727 रेटिंग अंक हैं। उनके बाद इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट 719 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वोलवार्ट अब 719 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मंधाना के बाद इस सूची में अगली दो भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं, जो क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच इस महीने के आखिर में पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। मंधाना हाल के दिनों में वनडे बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल रही हैं, लेकिन बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2019 की शुरुआत से शीर्ष स्थान पर नहीं पहुंच पाई थी।

- 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंची


### बल्लेबाज शानदार फार्म में है

भारतीय सलामी बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में शतक बनाया था। इससे उन्हें अपनी रैंकिंग में सुधार करने में मदद मिली। मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में भी चौथे स्थान पर हैं।

## विश्व कप के बाद वनडे से संन्यास लेंगी न्यूजीलैंड की कप्तान डिवाइन

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

न्यूजीलैंड महिला टीम की कप्तान और ऑलराउंडर सोफी डिवाइन इस साल के आखिर में भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को महिला क्रिकेट में सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है। उन्होंने 152 वनडे में 31.66 की औसत और आठ शतकों की मदद से 3990 रन बनाए हैं। उन्होंने 146 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक शतक के साथ 3431 रन भी बनाए हैं। डिवाइन ने वनडे और टी20 में क्रमशः 107 और 119 विकेट लिए हैं। उन्होंने कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है।



न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा मंगलवार को जारी बयान में डिवाइन ने कहा, ''मुझे लगता है कि मेरे लिए फैसला करने का यह सही समय है। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इस फैसले पर पहुंचने में मेरी मदद की। इसका मतलब है कि मैं अब भी न्यूजीलैंड की तरफ से खेल सकती हूं।''

### अनुबंधित खिलाड़ियों की घोषणा आज

डिवाइन का यह बयान न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा 17 केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की घोषणा से पहले आया है। अनुबंधित खिलाड़ियों की घोषणा बुधवार को की जाएगी। डिवाइन टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेगी, लेकिन उन्हें केंद्रीय अनुबंध नहीं दिया जाएगा। महिला वनडे विश्व कप 30 सितंबर से दो नवंबर तक भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा।

## टी20 के इतिहास में पहली बार परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला

# नीदरलैंड ने नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हराकर नया रिकॉर्ड बनाया

एजेंसी ▶▶| ग्लासगो

नीदरलैंड ने यहां टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला के मैच में नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हरा कर नया रिकॉर्ड बनाया। टी20 या लिस्ट ए क्रिकेट के इतिहास में यह पहला अवसर है जबकि किसी मैच का परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला।

माइकल लेविट ने सोमवार की रात को खेले गए इस मैच में तीसरे सुपर ओवर में छक्का लगाकर आखिर में नीदरलैंड को जीत दिलाई। नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी क्योंकि नेपाल को आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए थे। नेपाल के निचले क्रम के बल्लेबाज नंदन यादव ने हालांकि अंतिम ओवर में दो चौके लगाए। उन्होंने आखिरी गेंद पर भी चौका लगाया जिससे नेपाल आठ विकेट पर 152 रन बनाकर स्कोर बराबर करने में सफल रहा। कुशाल भुर्टेल ने 18 रन बनाकर नेपाल को पहले सुपर ओवर में 19 रन तक पहुंचाया लेकिन नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडॉव ने पांचवीं और छठी गेंद पर क्रमशः छक्का और चौका लगाकर स्कोर बराबर कर दिया।




नीदरलैंड ने दूसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी की और 17 रन बनाए। लेकिन नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने काइल क्लेन की आखिरी गेंद को छक्के के लिए भेज कर मैच को नए मोड़ पर खड़ा कर दिया। नेपाल तीसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए एक भी रन नहीं बना पाया। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर जैक लायन कैशेट ने चार गेंदों में बिना कोई रन दिए दो विकेट लेकर नेपाल का ओवर जल्दी समाप्त कर दिया।

### नीदरलैंड को जीत के लिए चाहिए था एक रन

नीदरलैंड को इस तरह से मैच जीतने के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी, लेकिन लेविट ने संदीप लामिछाने के ओवर की पहली गेंद पर छक्का जड़कर मैच का शानदार अंत किया। मेजबान स्कॉटलैंड टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला की तीसरी टीम है।

### ब्रिटेन के वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी से हारे टियाफो

**लंदन।** ब्रिटिश वाइल्ड कार्ड डैन इवांस ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांसेस टियाफो को 7-5, 6-2 से हराकर 2021 के बाद से क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। विश्व में 199वें नंबर के खिलाड़ी इवांस ने कहा, ''मुझे अब भी विश्वास है कि मेरे अंदर काफी टेनिस बची हुई है। मुझे अब भी विश्वास है कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। लेकिन इस पर विश्वास करना और ऐसा होना दोनों अलग चीज हैं।'' पहले दौर में जीत दर्ज करने वाले अन्य खिलाड़ियों में चौथी वरीयता प्राप्त होल्गर रूण और आठवीं वरीयता प्राप्त जैकब मेन्सिक शामिल थे। चेक गणराज्य के 19 वर्षीय खिलाड़ी मेन्सिक ने कैमरन नोरी को 7-6 (6), 1-6, 6-1 से हराया। मेन्सिक का अगला मुकाबला स्पेन के रॉबर्टो बातिस्ता अगुट से होगा, जिन्होंने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को तीन सेटों में पराजित किया।

## भारतीय टीम दिग्गजों के बिना नए युग की शुरुआत कर रही

# गिल को सम्मान पाने इंग्लैंड में रन बनाने होंगे: कार्तिक

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक का मानना है कि शुभमन गिल को अभी भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी का पूरा एहसास नहीं हुआ होगा और ड्रेसिंग रूम में सम्मान हासिल करने के लिए इस युवा खिलाड़ी को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

भारतीय टीम रोहित शर्मा , विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के बिना टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत कर रही है। पच्चीस साल के गिल के नेतृत्व में टीम इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। यह गिल की कप्तानी में टीम की पहली परीक्षा होगी।




### गिल कप्तानी की भूमिका क्षेत्ररक्षण करते निभाए

कार्तिक ने ' स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पोडकास्ट ' पर कहा , '' मैं पहला सुझाव जो शुभमन गिल को देना चाहता हूं वह यह है कि आप अपनी कप्तानी की भूमिका सिर्फ क्षेत्ररक्षण करते समय निभाये। अपनी बल्लेबाजी पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करें। ''

### गिल ने देश के लिए 32 टेस्ट खेले

पूर्व खिलाड़ी ने कहा , '' गिल को ड्रेसिंग रूम (टीम के अन्य सदस्य) में सम्मान पाने के लिए रन बनाने ही होंगे। एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका , इंग्लैंड , न्यूजीलैंड , ऑस्ट्रेलिया) देशों में बल्लेबाज के रूप में उनका औसत ऐसा नहीं है जिस पर उन्हें गर्व होगा। ''गिल ने भारत के लिए 32 टेस्ट खेले है लेकिन एसईएनए देशों में वह नियमित तौर पर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं।

### गिल की किस्मत अच्छी, इंग्लैंड की गेंदबाजी मजबूत नहीं

एक क्रिकेट राष्ट्र के तौर पर इंग्लैंड में आना आसान नहीं है। ''इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा , गिल की किस्मत हालांकि थोड़ी अच्छी है क्योंकि इंग्लैंड की गेंदबाजी उतनी मजबूत नहीं है। मैं भारत के नजरिये से यही एकमात्र साकारात्मक पहलू देख रहा हूं।

### कोच के तौर पर गंभीर की रणनीति बेहतरीन

इंग्लैंड की बल्लेबाजी भारत पर दबाव बनाएगी , लेकिन गेंदबाजी एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर इंग्लैंड को काम करना है और यह भारत के लिए फायदेमंद हो सकता है। कार्तिक का मानना है कि कोच के तौर पर गौतम गंभीर की रणनीति बेहतरीन है लेकिन उन्हें अपने आक्रामक रवैये को और निखारने की जरूरत है।

# भारत-इंग्लैंड श्रृंखला के विजेता कप्तान को मिलेगा पटौदी पदक




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के विजेता कप्तान को पटौदी पदक से सम्मानित किया जायेगा जिससे इन दोनों देशों की क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता में इस शाही परिवार का नाम बना रहेगा। पटौदी परिवार का दोनों देशों की क्रिकेट से गहरा नाता रहा है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने इससे पहले पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलकर तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी करने का फैसला लिया था। पिछले हफ्ते लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान इसकी औपचारिक घोषणा होनी थी लेकिन अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान के भीषण हादसे के मद्देनजर इसे टाल दिया गया। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर के साथ क्रिकेट जगत के कुछ अन्य लोगों ने भी इस ट्रॉफी का नाम बदलने की आलोचना की थी।

पता चला है कि तेंदुलकर ने खुद ईसीबी से संपर्क किया और कहा कि पटौदी नाम भारत-इंग्लैंड क्रिकेट का हिस्सा बना रहना चाहिए। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह की भी इसमें भूमिका रही।




# संयुक्त सैन्य अभ्यास 'शक्ति' में भाग लेने के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी फ्रांस रवाना

- भारत-फ्रांस के बीच सैन्य सहयोग होगा मजबूत
- दोनों देशों के बीच अंतर संचालन क्षमता बढ़ेगी
- दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा देगा
- नई पीढ़ी के उपकरणों पर प्रशिक्षण मिल सकेगा



*यह अभ्यास 18 जून 2025 से 1 जुलाई 2025 तक कैंप लारजैक, ला कैवेलरी, फ्रांस में चलेगा। अभ्यास के लिए भाग लेने वाले भारतीय दल में सेना के 90 कर्मी शामिल*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना की एक टुकड़ी द्विवार्षिक भारत-फ्रांस संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति के 8वें संस्करण में भाग लेने के लिए मंगलवार को रवाना हुई। यह अभ्यास 18 जून 2025 से 1 जुलाई 2025 तक कैंप लारजैक, ला कैवेलरी, फ्रांस में चलेगा। अभ्यास के लिए भाग लेने वाले भारतीय दल में सेना के 90 कर्मी शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारतीय दल में मुख्य रूप से जम्मू और कश्मीर राइफल्स की एक बटालियन के अलावा अन्य शाखाओं और सेवाओं के कर्मियों का प्रतिनिधित्व भी है। वहीं, 90 कर्मियों वाले फ्रांसीसी दल का प्रतिनिधित्व 13 वीं विदेशी सेना हाफ-ब्रिगेड (13 वीं डीबीएलई) के कर्मी करेंगे।

## दोनों देश रणनीति, तकनीक और प्रक्रिया साझा करेंगे

*रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह अभ्यास दोनों सेनाओं के लिए सामरिक अभ्यासों का पूर्वाभ्यास और परिशोधन करने, रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं (टीटीपी) में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के अलावा सैन्य प्रौद्योगिकियों सहित नई पीढ़ी के उपकरणों पर प्रशिक्षण के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। यह दोनों सेनाओं के बीच शारीरिक सहनशक्ति, टीम भावना, आपसी सम्मान और पेशेवर सौहार्द को भी बढ़ावा देगा। 'शक्ति' का यह संस्करण भारत और फ्रांस के बीच सैन्य-से-सैन्य संबंध और परिचालन समन्वय को गहरा करता है, जो उनकी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के साथ संरेखित है।*

### दोनों देशों के बीच द्विवार्षिक प्रशिक्षण जुड़ाव

रक्षा मंत्रालय के अनुसार शक्ति अभ्यास भारतीय और फ्रांसीसी सेनाओं के बीच एक द्विवार्षिक प्रशिक्षण जुड़ाव है। इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करना है। यह अभ्यास भारत और फ्रांस के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग को उजागर करेगा। द्विवार्षिक प्रशिक्षण अभ्यास 'शक्ति', संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय सात के तहत उप-पारंपरिक वातावरण में संयुक्त संचालन पर केंद्रित है, जिसमें अर्ध-शहरी इलाकों में प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है।

सात वर्ल्ड लीडर्स से की मुलाकात, लिखा- दोस्त अल्बानीज से मिलकर हुई खुशी

# प्रधानमंत्री ने जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर विश्व के नेताओं की मुलाकात

एजेंसी ▶▶ ओटावा

**कनैनिस्किस (कनाडा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कनाडा के कनैनिस्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के नेताओं से मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनैनिस्किस पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने ली जे-म्यांग के साथ बातचीत की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''दोनों नेताओं ने व्यापार और अर्थव्यवस्था, महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों, हरित हाइड्रोजन, जहाज निर्माण, संस्कृति एवं अन्य क्षेत्रों में साझेदारी के माध्यम से सहयोग के नए रास्ते तलाश कर भारत-दक्षिण कोरिया विशेष रणनीतिक साझेदारी को प्रगाढ़ करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।'' उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। मोदी ने मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम पार्डो से मुलाकात की और 'ग्लोबल साउथ' की प्राथमिकताओं सहित प्रमुख वैश्वि एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर दृष्टिकोण साझा किए। दोनों नेताओं के बीच यह पहली बैठक थी। जायसवाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भारत-मैक्सिको के मधुर एवं ऐतिहासिक संबंधों को बढ़ावा मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कनाडा के कनैनिस्किस में 51वें जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान मैक्सिको की राष्ट्रपति डॉ. क्लाउडियाशीन से मुलाकात की।

**खास बातें**

- फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम पार्डो, ऑस्ट्रेलिया पीएम एंथनी अल्बनीज से मिले पीएम







## सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की

उन्होंने कहा, ''दोनों पक्षों ने व्यापार, फार्मास्यूटिकल (दवा), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, डिजिटल नवाचार में भारत-मैक्सिको सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की और 'ग्लोबल साउथ' की प्राथमिकताओं सहित प्रमुख वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर दृष्टिकोण साझा किए।'' प्रधानमंत्री ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज से भी मुलाकात की। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान ऑस्ट्रेलिया के अपने मित्र प्रधानमंत्री अल्बनीज से मिलकर अच्छा लगा।'' दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के साथ अपनी बातचीत की एक तस्वीर 'एक्स' पर साझा करते हुए मोदी ने कहा कि उन्हें रामफोसा से बात करके खुशी हुई। इससे पहले 'जी-7 आउटरीच सेशन' के लिए यहां पहुंचने पर मोदी का कनाडा के उनके समकक्ष मार्क कार्नी ने स्वागत किया। इससे पूर्व मोदी ने कहा था कि वह जी-7 शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं से मुलाकात के दौरान महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे और 'ग्लोबल साउथ' की प्राथमिकताओं पर जोर देंगे। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। बीते एक दशक में मोदी की यह पहली कनाडा यात्रा है।

## इतर द. कोरिया और मैक्सिको के राष्ट्रपति से मुलाकात की

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कनाडा के कनैनिस्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्यांग और मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम पार्डो से मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनैनिस्किस पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने ली जे-म्यांग के साथ बातचीत की। उन्होंने बताया कि उन्होंने शिखर सम्मेलन से इतर मैक्सिको की राष्ट्रपति से भी मुलाकात की और 'ग्लोबल साउथ' की प्राथमिकताओं सहित प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। दोनों नेताओं के बीच यह पहली बैठक थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भारत-मैक्सिको के मधुर एवं ऐतिहासिक संबंधों को बढ़ावा मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कनाडा के कनैनिस्किस में 51वें जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान मैक्सिको की राष्ट्रपति डॉ. क्लाउडियाशीन से मुलाकात की।'' उन्होंने कहा, ''दोनों पक्षों ने व्यापार, फार्मास्यूटिकल (दवा), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, डिजिटल नवाचार में भारत-मैक्सिको सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।*

## जी7 देश के नेताओं ने इजराइल का समर्थन किया, कहा-ईरान क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का स्रोत परमाणु हथियार बनाने की नहीं देंगे मंजूरी

**ओटावा।** इजराइल-ईरान में पिछले पांच दिनों से संघर्ष जारी है। इस तनाव के बीच मंगलवार को ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) देशों के नेताओं ने मिडिल-ईस्ट में शांति और स्थिरता के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की है। इसके साथ ही इजराइल के आत्मरक्षा के अधिकार को सपोर्ट किया है। शिखर सम्मेलन से जारी एक संयुक्त बयान में,जी7 नेताओं ने ईरान को क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का 'मुख्य स्रोत' बताया है। उन्होंने ईरान को कभी भी परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी पक्षों से गाजा में युद्ध विराम और तनाव कम करने की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया है। बयान में कहा गया है कि हम जी7 के नेता, मिडिल-ईस्ट में शांति और स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। इस संदर्भ में, हम पुष्टि करते हैं कि इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है।


रूस ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध की रणनीति बदली

# अब फाइटर जेट से नहीं लंबी दूरी के ड्रोन से करेगा हमला

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध की रणनीति बदल दी है। रूस अब यूक्रेन पर हमला करने के लिए फाइटर जेट का इस्तेमाल नहीं करेगा।

इसके लिए रूस हर महीने 2700 शाहेद ड्रोन बना रहा है। यूक्रेन की रक्षा खुफिया एजेंसी (एचयूआर) का कहना है कि मई 2025 तक रूस प्रतिमाह लगभग 5000 लंबी दूरी के ड्रोन का उत्पादन कर रहा है, जिनमें से आधे (लगभग 2700) शाहेद-136 हमलावर ड्रोन हैं और बाकी नकली ड्रोन हैं जो हवाई रक्षा प्रणालियों को भटकाने और टोही के लिए उपयोग किए जाते हैं। इन ड्रोनों का उपयोग रूस यूक्रेन के शहरों, विशेष रूप से कीव और ओडेसा, पर बड़े पैमाने पर हमलों के लिए कर रहा है।



### हवाई चकमा देने में सक्षम

रूस ने इन हमलों में नकली ड्रोनों का भी उपयोग शुरू किया है, जो सस्ते सामग्रियों से बने होते हैं और यूक्रेन की हवाई रक्षा को चकमा देने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। रूस के तातारस्तान क्षेत्र में येलबुगा शहर के अलाबुगा विशेष आर्थिक क्षेत्र में शाहेद ड्रोन का उत्पादन होता है।

### शाहेद ड्रोन की खासियत

*इसमें डेल्टा-विंग यानि तीन पंखे लगे होते हैं। यह एकल-उपयोगी ड्रोन है, जो आत्मघाती हमले के लिए बनाया गया है। इसकी लंबाई लगभग 3.5 मीटर, पंखों का फैलाव 2.5 मीटर है। यह 200-250 किलोग्राम वजन उठाने में सक्षम है, जिसमें 40-50 किलोग्राम का विस्फोटक वारहेड शामिल है। इसे बनाने में सस्ती सामग्री जैसे फाइबरग्लास और प्लाईवुड का उपयोग किया जाता है। जिसके चलते रडार इसे आसानी से ट्रैस नहीं कर पाता। इसमें एक कम लागत वाला साधारण पिस्टन इंजन (एमडी 550) का उपयोग होता है। यह 150-180 किमी/घंटा की गति से उड़ान भर सकता है। 1000-2500 किलोमीटर की लंबी दूरी के हमलों के लिए उपयुक्त है।*




# अवैध रूप से रह रहे 36 बांग्लादेशी पकड़े गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नॉर्थ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की फॉरेनर्स सेल की टीम ने अवैध रूप से रह रहे 36 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ने में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए लोगों में कुल 19 वयस्क और 17 बच्चे शामिल हैं। पुलिस को यह सफलता भारत नगर थाना इलाके के वज़ीरपुर जेजे कॉलोनी में खुफिया जानकारी और सतत निगरानी के आधार पर अंजाम दी गई कार्रवाई में मिली। पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों के पास से 13 बांग्लादेशी पहचान-पत्र और प्रतिबंधित आईएमओ एप इनस्टॉल किए हुए 07 मोबाइल फोन भी बरामद हुए। डीसीपी भीष्म सिंह ने कहा कि यह अभियान राजधानी दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ चल रही व्यापक कार्रवाई का हिस्सा है। जिले की फॉरेनर्स सेल की टीम को भारत नगर इलाके के वज़ीरपुर जेजे कॉलोनी में अवैध रूप से रह रहे कुछ विदेशी नागरिकों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिली थी। जिस पर प्रतिक्रिया करते हुए एसीपी राजीव कुमार की देखरेख और फॉरेनर्स सेल के इंचार्ज इंस्पेक्टर विपिन कुमार के नेतृत्व में एसआई श्याम बीर, सापन, हेड कॉन्स्टेबल विक्रम, प्रवीण, विकास यादव, कांस्टेबल हवा सिंह और दीपक बांगर आदि की विशेष टीम का गठन कर उनकी पकड़ के लिए एक कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया गया।

## दिल्ली पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी



### हरियाणा के मेवात से भाग कर आए थे

पुलिस पूछताछ में यह सामने आया कि ये लोग पहले हरियाणा के मेवात जिले में एक ईंट भट्ठे में काम करते थे, लेकिन हरियाणा पुलिस की कार्रवाई के डर से वहां से फरार हो गए। तब से ये लगातार स्थान बदलते हुए दिल्ली के विभिन्न फुटपाथों पर रह रहे थे और हाल ही में स्थानीय आबादी में घुलने-मिलने के लिए किराए पर अपने ठिकाने की तलाश में थे। पकड़े गए सभी बांग्लादेशी नागरिकों को वापस उनके देश भेजे जाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

### 25 फुटपाथों और 32 गलियों की ली तलाशी

टीम ने 13 जून को वज़ीरपुर जेजे क्लस्टर में गहन तलाशी अभियान के दौरान लगभग 25 फुटपाथों और 32 गलियों में तलाशी ली। जांच के दौरान एक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा गया। शुरुआत में उसने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की लेकिन वह कमायाब नहीं हो पाया। सख्त पूछताछ के बाद उसने स्वीकार किया कि वह बांग्लादेशी नागरिक है और भारत में अवैध रूप से रह रहा है। उसकी निशानदेही पर एक-एक करके अन्य संदिग्धों की पहचान की गई और उन्हें भी पकड़ लिया गया। सभी बांग्लादेशी नागरिक फॉरेनर्स एक्ट का उल्लंघन करते हुए बिना वैध वीजा या ट्रैवल डॉक्यूमेंट के भारत में रह रहे थे।

# प्रो. चंद्रकासन एमआईटी के नए 'प्रोवोस्ट' नियुक्त

**न्यूयार्क।** अमेरिका के प्रतिष्ठित मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने प्रो. अनंथा चंद्रकासन को अपना नया 'प्रोवोस्ट' नियुक्त किया है। वह इस पद को संभालने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी बन गए हैं। चेन्नई में जन्मे प्रो. चंद्रकासन इस समय एमआईटी के 'चीफ इनोवेशन एंड स्ट्रैटेजी ऑफिसर' और 'डीन ऑफ इंजीनियरिंग' हैं। वह एक जुलाई से नया कार्यभार संभालेंगे। एमआईटी अध्यक्ष सैली कॉर्नब्लुथ ने बताया कि चंद्रकासन को उत्कृष्ट आंतरिक उम्मीदवारों के एक समूह में से चुना गया है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25